संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -303 बुधवार , 06 सितम्बर 2023, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

चंद्रयान-3 और आदित्य-एल-1 के बाद गगनयान मिशन की तैयारी में जुटा इसरो

अब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की अपनी अगली बड़ी परियोजना गगनयान मिशन के लिए तैयारी

श्रीहरिकोटा,05 सितम्बर 2023(ए)। चंद्रयान-3 चंद्र मिशन के सफल समापन और भारत के पहले सौर मिशन, आदित्य एल1 के लॉन्च के बाद, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपनी अगली बड़ी परियोजना गगनयान मिशन के लिए तैयारी कर रहा है। ऐसी उम्मीद है कि इसरो अक्टूबर महीने में देश के पहले ह्यूमन स्पेस फ्लाइट की परीक्षण उड़ान करेगा। अभी इसरो के पास भारी वजन वाले एलव्हीएम-3 रॉकेट हैं, जिन्हें मानव-रेटेड लॉन्च वाहन बनाने पर काम किया जा रहा है। इसे भविष्य में क्रू मॉड्यूल और भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाने में सक्षम बनाया जा रहा है। सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के निदेशक राजराजन ने इस नए मिशन की अहम जानकारियां साझा की हैं।

अभी चल रही मानव रेटेड वाहन बनाने की तैयारी

इसरो दो महीनों के भीतर चंद्रयान-3 और आदित्य-एल1 की सफलता के बाद एक और बड़ी परियोजना गगनयान मिशन की तैयारी कर रहा है। एसएचएआर के निदेशक राजराजन ने इंडिया से बातचीत में कहा, एलव्हीएम-3 को एचआरएलव्ही कहा जाएगा क्योंकि हम वाहन को मानव रेटिंग दे रहे हैं। इसे मानव रेटेड वाहन बनाने की तैयारी चल रही है। हमे अपने काम में यह सुनिश्चित करना सबसे जरूरी है कि मिशन के दौरान किसी भी चरण में कोई भी विसंगति आने पर क्रू एस्केप सिस्टम क्रू मॉड्यूल को सुरक्षित दूरी पर ले जाया जाए।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी प्रणालियों को उच्च सुरक्षा मार्जिन के साथ विकसित किया जाएगा, ताकि मिशन फेल न हों। यह सुनिश्चित करने के लिए एक क्रू एस्केप सिस्टम लागू किया जाएगा जो किसी भी विसंगति के मामले में क्रू मॉड्यूल को लॉन्च वाहन से सुरक्षित रूप से बाहर निकाला जा सकेगा। आपात्कालीन स्थिति के लिए भी हम तैयार हैं, इसके लिए क्रू मॉड्यूल को समुद्र में गिरने के लिए तक के लिए डिज़ाइन किया गया है।

क्या है तैयारी

इसरो वर्तमान में गगनयान मिशन के लिए विभिन्न परीक्षण कर रहा है,



जिसमें क्रू मॉड्यूल के ड्रॉप परीक्षण, उच्च ऊंचाई वाले ड्रॉप परीक्षण और पैड अवॉइड परीक्षण शामिल हैं, जहां क्रू एस्केप सिस्टम अंतरिक्ष यात्रियों को बाहर निकाल देगा और सुरक्षित दूरी पर ले जाएगा। राजराजन ने कहा, हमारे पास एक परीक्षण वाहन परियोजना भी है जहां एक एल-40 इंजन, एक जीएसएलवी बूस्टर है, जिसे टॉप पर क्रू मॉड्यूल के साथ रखा किया जाएगा और चालू किया जाएगा। 1.1 मैक की विशेष गति से, 10 किलोमीटर की ऊंचाई पर हम इजेक्शन शुरू करेंगे और देखेंगे कि यह कैसे निरस्त होता है और चालक दल को सुरक्षित वापस लाता है। यह सब जांचने के बाद हम अपने जीएक्स और जी1मिशन के साथ आगे बढ़ेंगे।

राजराजन ने मिशन के लिए बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं पर भी चर्चा की, जिसमें कक्षीय मॉड्यूल की तैयारी के लिए एक अलग सुविधा स्थापित की जा रही है। इसमें क्रू मॉड्यूल, सर्विस मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम शामिल हैं। यह कक्षीय मॉड्यूल तैयारी सुविधा सभी प्रणालियों की जांच और संयोजन के लिए जिम्मेदार होगी।

यात्रियों की स्वास्थ्य पर ध्यान कैसे रखेंगे

इसके अतिरिक्त, सिस्टम को और अधिक मजबूत बनाने के लिए असेंबली क्षेत्र में एक अतिरिक्त साफ कक्ष तैयार किया जा रहा है। एक अलग लॉन्च फिनिशिंग रूम बनाया जा रहा है। ये सभी सुविधाएं गगनयान नियंत्रण सुविधा से जुड़ी होंगी, जो यान, चालक दल मॉड्यूल और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य की निगरानी करेगी। उन्होंने कहा, यह सब गगनयान नियंत्रण सुविधा में आएगा जहां हम वाहन, चालक दल मॉड्यूल और गगननॉट्स के स्वास्थ्य की निगरानी करेंगे। हम एलसीसी नामक एक पुरानी फर्स्ट लॉन्च व्हीकल सुविधा का नवीनीकरण कर रहे हैं।

यान में कैसे गुजरेंगे यात्रियों के दिन

उन्होंने कहा कि क्रू मॉड्यूल को यात्रियों के लिए बेहतर बनाने के लिए अंदर का तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रखा जाएगा। यात्रियों के पसीने से पानी का प्रबंधन किया जाएगा जो उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड को हटा देगी और ऑक्सीजन और नाइट्रोजन के अनुपात को बनाए रखेगी। अंतरिक्ष यात्रियों के सूट आपात स्थिति में ऑक्सीजन की आपूर्ति करने, दबाव में रहने, ग्राउंड क्रू के साथ संचार की सुविधा प्रदान करने और थर्मल इन्सुलेशन प्रदान करने के लिए भी सुसज्जित होंगे।

ऐसी उम्मीद है कि इसरो अक्टूबर महीने में एल-40 इंजन का परीक्षण शुरू कर देगा।

यात्रियों की सुरक्षा को लेकर मोदी सरकार ने जारी किए निर्देश

» स्लीपर बसों को लेकर उठाया बड़ा कदम

नई दिल्ली,05 सितम्बर 2023(ए)। स्लीपर बसों में आगजनी की बढ़ती घटनाओं के चलते केंद्र सरकार ने नए मानदंड जारी किए हैं। सड़क परिवहन मंत्रालय ने मानदंडों के अनुपालन के लिए निर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय द्वारा जारी किए गए ये जरूरी बदलाव महाराष्ट्र में नागपुर-मुंबई समृद्धि महामार्ग पर हाल ही में बस में लगी आग की घटना को ध्यान में रखते हुए किया गया है, जिसमें 25 लोगों की जान चली गई और कई घायल हो गए थे।

नए मानदंड के मुताबिक किसी भी आपात स्थिति में बस के अंदर मौजूद यात्रियों को तेजी से बाहर निकलने के लिए सभी नई स्लीपर कोच बसों के हर बर्थ पर एक हथौड़ा रखना होगा। इसके अलावा विमानों की तरह सीटों और बर्थ से लेकर सभी एग्जिट गेटों तक रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का निर्देश दिया गया है।

एक अधिकारी ने कहा, जब तक बचावकर्मी शीशा तोड़कर लोगों को बचाते हैं तब तक अधिकांश यात्रियों की मौत बस में दम घुटने से हो जाती है। इसके चलते मंत्रालय ने हर सीट पर हथौड़ा रखने का निर्देश दिया है। इसके अलावा अधिकारी ने कहा कि हादसे के वक्त अधिकांश यात्रियों को एग्जिट गेट व खिड़की की जानकारी नहीं मिल पाती है। इसलिए आपातकालीन दरवाजे सहित सभी निकास द्वारों तक गलियारे पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का निर्देश दिया गया है।

ईडी ने नुसरत जहां को जारी किया समन

» 12 को जांच अधिकारियों के समक्ष पेश होने का आदेश

कोलकाता,05 सितम्बर 2023 (ए)। पश्चिम बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नेता व अभिनेत्री नुसरत जहां को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन जारी किया है, जिसमें एक रियल एस्टेट फर्म के साथ उनके कथित संबंध में 12 सितंबर को जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने सेवन सेंस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक राकेश सिंह को भी उसी तारीख को सुबह 11 बजे तलब किया है। यह समन वरिष्ठ नागरिकों के एक समूह द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में शिकायत दर्ज कराने के बाद हुआ, जिसमें रियल एस्टेट फर्म सेवन सेंस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड पर आरोप लगाया गया था। इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लि. ने शहर के उत्तरपूर्वी हिस्से में न्यू टाउन इलाके में फ्लैट देने का वादा करके धोखाधड़ी की।

कथित वंचित घर खरीदारों से शिकायतें मिलने के बाद, ईडी ने अपनी ओर से इस मुद्दे पर एक प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दायर की। केंद्रीय एजेंसी को मिली शिकायतों के अनुसार, फर्म ने कथित तौर पर निवेशकों से चार साल के भीतर आवासीय फ्लैट देने का वादा करके कई करोड़ रुपये एकत्र किए लेकिन वो वादे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं।

बिकरू कांड मामले में गैंगस्टर विकास दुबे के खजांची समेत 23 आरोपियों को 10-10 साल की सजा और 50-50 हजार जुर्माना

» 7 आरोपियों को दोषमुक्त होने पर कोर्ट ने किया बरी

कानपुर,05 सितम्बर 2023(ए)। कानपुर के चौबेपुर के बिकरू गांव की 2 जुलाई खौफनाक रात को गैंगस्टर विकास दुबे को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर गोलियों की बौछार हुई। डिप्टी एसपी समेत 8 पुलिसकर्मियों की नृशंस हत्या कर दी गई। इस घटना के 3 साल बाद मंगलवार को कानपुर देहात की गैंगस्टर कोर्ट ने पहली बार सजा सुनाई।

न्यायाधीश दुर्गेश पांडेय ने विकास दुबे के खजांची जय वाजपेयी समेत 23 आरोपियों को 10-10 साल की सजा

और 50-50 हजार जुर्माना लगाया है। जबकि 7 आरोपियों को दोषमुक्त होने पर बरी कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस की लचर पैरवी से गुड्डन त्रिवेदी समेत 7 आरोपियों को कोई सजा नहीं मिली। कोर्ट के फैसले के बाद दोषमुक्त किए गए 7 आरोपियों के परिजनों ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। वहीं अन्य 23 आरोपियों के परिजनों ने हाईकोर्ट में आदेश के खिलाफ अपील करने की भी बात कही है।

बिकरू कांड में शामिल 45 आरोपियों को जेल भेजा गया था। इसमें से 5 को पहले ही जमानत मिल चुकी है। मामले में विकास दुबे और उसके गैंग की अब तक 72 करोड़ की संपत्ति जब्त हो चुकी है। इसके साथ ही 7 पर इनसे एनएसए और 45 पर गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है।

बिकरू कांड के बाद विकास दुबे और उसके गैंग के सदस्यों, सहयोगियों सहित 91 लोगों के खिलाफ 79 मुकदमे दर्ज किए गए। जिसमें 63 केस में चार्जशीट दाखिल की गई। 6 अपराधियों की पुलिस मुठभेड़ में मौत होने के कारण इन पर दर्ज मुकदमों में अंतिम रिपोर्ट लगाई गई।

अनंत देव बहाल, 37 पुलिस वालों पर एक्शन

बिकरू कांड में कानपुर के एसएसपी रहे आईपीएस अनंत देव पर भी विभागीय कार्रवाई हुई थी। तीन साल की जांच के बाद आईपीएस अनंत देव तिवारी को विभागीय क्लीनचिट मिल गई। लापरवाही बरतने के दोषी पाए गए 37 पुलिसवालों पर भी विभागीय एक्शन हुआ। इनमें 6 पुलिस वाले तो तीन साल तक उस वेतन पर काम करेंगे, जो उन्हें नौकरी की शुरुआत में मिलती थी। दो पुलिस वालों को बर्खास्त किया जा चुका है। एसओ विनय तिवारी और बीट चौकी इंचार्ज केके शर्मा को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। इन दोनों को अभी तक जमानत नहीं मिली है। बिकरू कांड के बाद से जेल में बंद है। एसओ विनय तिवारी और दारोगा ने दबिश की मुखबिरी की थी। इसके बाद ही विकास तिवारी ने प्लानिंग से पुलिस पर हमला किया था।

अधिवक्ताओं ने गृह सचिव का फूंका पुतला

हड़ताल से अदालतों में अटके 2500 केस, प्रदर्शन जारी

मेरठ ,05 सितम्बर 2023(ए)। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज की घटना के विरोध में अधिवक्ताओं के कामकाज ठप रखने से तकरीबन 2500 हजार केस अटक गए हैं। वहीं पश्चिमी यूपी में वकीलों ने आज गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हमले के विरोध में सोमवार को अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। उनके काम न करने के कारण स्थानीय अदालतों में करीब 2500 मामलों की सुनवाई अटक गई। इनमें 60

फीसदी से अधिक मामले सिविल श्रेणी के रहे। शेष मामले फौजदारी सहित अन्य श्रेणी के हैं। वहीं मंगलवार को मेरठ बिजनौर समेत पश्चिमी यूपी के विभिन्न जिलों में वकीलों ने पुतले जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

मेरठ बार एसोसिएशन के महामंत्री विनोद कुमार चौधरी और जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री विमल कुमार तोमर ने बताया कि आज कचहरी में पुलिस महानिदेशक और मुख्य सचिव का पुतला जलाने पहुंचे । इससे पहले मेरठ बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ता कचहरी परिसर के हनुमान मंदिर स्थित मुख्य द्वार पर पहुंचे। यहां उन्होंने धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज करने, मुकदमे दर्ज करने और पुलिस के रवैये के प्रति आक्रोश जाहिर किया।

नक्सलियों की फंडिंग पर एनआईए का एक्शन

8 जगहों पर मारा छापा

नई दिल्ली,05 सितम्बर 2023(ए)। उत्तर प्रदेश में एनआई ने सीपीआई (माओवादी) मामले के सिलसिले में 8 स्थानों पर एकसाथ छापा मार दिया है। आरोप लगाया जा रहा है कि इन ठिकानों से नक्सलियों को फंडिंग की जा रही थी, इसी को लेकर एनआईए ने छापेमारी की है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की छापेमारी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, आजमगढ़ और देवरिया जिलों में जारी है।

बता दें कि एनआईए की टीम को इनपुट मिली थी कि युवाओं को

बर्गला कर नक्सलियों को फंडिंग की जा रही है। इसी इनपुट के आधार पर एनआईए की छापेमारी जारी है।

आर्टिकल 370 पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी

» 5 जजों की संविधान पीठ ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली,05 सितम्बर 2023(ए)। चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने और उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के 2019 के राष्ट्रपति आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने कहा, बार के सभी सदस्यों को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हम इस पर बहस समाप्त करते हैं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

संविधान पीठ, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के पांच वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल थे, ने 2 अगस्त से मामले की सुनवाई शुरू की थी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद शीर्ष अदालत जल्द ही अपना फैसला सुनाएगी।

मार्च 2020 में इस मुद्दे को सात न्यायाधीशों की बड़ी पीठ को सौंपने के याचिकाकर्ताओं की मांग को स्वीकार करने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया था।

तत्कालीन सीजेआई एन.वी. रमना की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ ने तर्क दिया था कि अनुच्छेद 370 की व्याख्या से संबंधित प्रेम नाथ कौल और संपत प्रकाश मामले में शीर्ष अदालत के दिए गए पहले के फैसले एक दूसरे से विरोधाभासी नहीं थे।

सीजेआई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति खन्ना पीठ के नए सदस्य हैं। मुख्य न्यायाधीश रमना और न्यायमूर्ति सुभाष रेड्डी, जो पिछली पीठ का हिस्सा थे, सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

संविधान से इंडिया शब्द हटाने की तैयारी

» भाजपा सांसद बोले-इंडिया शब्द अंग्रेजों की दी गई एक गाली

नई दिल्ली,05 सितम्बर 2023(ए)। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार कथित तौर पर चल रहे अमृत काल के दौरान देश के लोगों को गुलामी मानसिक्ता और ऐसी मानसिकता से जुड़े किसी भी तत्व से मुक्त करने पर जोर दे रही है। संविधान से इंडिया शब्द को हटाने की योजना, मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने दावा किया कि प्रस्ताव से संबंधित तैयारी चल रही है।

भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने भारतीय संविधान में लिखे इंडिया शब्द का विरोध किया है।

सूत्रों ने कहा कि 18-22 सितंबर तक होने वाले संसद के विशेष सत्र में सरकार 'इंडिया' शब्द हटाने के प्रस्ताव से संबंधित विधेयक पेश कर सकती है। इसके अलावा, विशेष सत्र के दौरान सफल चंद्रमा मिशन चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 सौर मिशन के प्रक्षेपण सहित देश द्वारा हासिल की गई हाल की सफलताओं पर भी चर्चा होने की संभावना है, जिन्होंने वैश्विक सराहना बटोरी। जी20 शिखर सम्मेलन (9-10 सितंबर को भारत द्वारा आयोजित किया जा रहा है) के साथ-साथ मुख्य शिखर सम्मेलन से पहले आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित कार्यक्रम से संबंधित घटनाओं और कार्यक्रमों के बारे में भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

262 प्रतिष्ठित नागरिकों ने सीजेआई को लिखा पत्र

» उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली,05 सितम्बर 2023(ए)। देश के विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों के 14 पूर्व न्यायाधीशों, 130 पूर्व नौकरशाहों और 118 रिटायर्ड आर्म्ड फोर्सेज ऑफिसर्स सहित देश के 262 प्रतिष्ठित नागरिकों ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर तमिलनाडु सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के विवादास्पद बयान को लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को लिखे पत्र में देश के इन 262 प्रतिष्ठित नागरिकों ने शाहीन अब्दुल्ला बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के संदर्भ में सीजेआई से उदयनिधि

स्टालिन के नफरत भरे भाषण पर ध्यान देने और उनके खिलाफ स्वत- कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

पत्र में सनातन धर्म का महत्व बताने के साथ-साथ हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसलों का जिक्र करते हुए यह कहा गया है कि उदयनिधि स्टालिन ने न सिर्फ हेट स्पीच दिया है बल्कि उन्होंने अपने इस बयान के लिए माफी तक मांगने से इंकार कर दिया है। पत्र में सुप्रीम कोर्ट से स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की मांग करते हुए यह भी कहा गया है कि चूंकि तमिलनाडु की राज्य सरकार ने एक्शन लेने से इंकार कर दिया है इसलिए सुप्रीम कोर्ट को आगे बढ़कर तमिलनाडु सरकार की निष्क्रियता और उदयनिधि स्टालिन के हेट स्पीच पर कार्रवाई करनी चाहिए।

संपादकीय

सीटों का तालमेल हर जगह नहीं होगा!

विपक्षी पार्टियों के गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने मुंबई की बैठक में सीट बंटवारे पर चर्चा की। पहले दिन यानी 31 अगस्त को हुई अनौपचारिक बैठक में भी इस बारे में बातचीत हुई और एक सितंबर की औपचारिक बैठक में भी इस पर चर्चा हुई। चर्चा के बावजूद इस पर कोई फैसला नहीं हुआ क्योंकि कई राज्यों का मामला उलझा हुआ है। तभी बैठक के बाद जो प्रस्ताव मंजूर हुआ और जिसे मीडिया के सामने रखा गया उसमें कहा गया कि विपक्षी पार्टियां 'जहां तक संभव होगा वहां गठबंधन करेंगी'। इसका मतलब है कि कुछ जगहों पर सीटों का तालमेल नहीं भी हो सकता है। गठबंधन रहेगा, पार्टियां 'इंडिया' में बनी रहेंगी लेकिन चुनाव में सीटों का तालमेल करने की बजाय सीधा या दोस्ताना मुकाबला भी करेंगी।

ऐसा जिन राज्यों में होगा उनमें सबसे अहम राज्य केरल है। कांग्रेस और लेफ्ट के बीच परफेक्ट तालमेल है। सीताराम येचुरी और डी राजा दोनों गठबंधन के साथ हैं। लेकिन केरल में दोनों के बीच तालमेल नहीं होगा। ध्यान रहे केरल की 20 में से 19 सीटें कांग्रेस के गठबंधन वाले यूडीएफ के पास हैं। सीपीएम के नेतृत्व वाले एलडीएफ को सिर्फ एक सीट मिली है। सो, अगर दोनों के बीच गठबंधन होता है तो कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों को अपनी जीती हुई नौ सीटें सत्तारूढ़ लेफ्ट गठबंधन के लिए छोड़नी होगी। दोनों गठबंधन इतने मजबूत हैं की वे इसके लिए तैयार नहीं होंगे। दूसरे, अगर दोनों एक हो जाते हैं तो मुख्य विपक्षी भाजपा होगी, जो अभी हाशिए की पार्टी है, लेकिन कांग्रेस-लेफ्ट के तालमेल के बाद बड़ी ताकत बन सकती है।

ऐसे ही पश्चिम बंगाल में भी तालमेल मुश्किल है। वहां लेफ्ट पार्टियां ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के साथ नहीं जाना चाहती हैं। उनके पास वोट आधार नहीं है लेकिन फिर भी नेताओं को लगता है कि जब भी ममता बनर्जी की पार्टी कमजोर होगी और भाजपा जिस तरह से मजबूत हो रही है उसमें आगे लेफ्ट के लिए मौका बन सकता है। दूसरे, एक रणनीतिक स्थिति यह है कि अगर त्रिकोणात्मक मुकाबला नहीं होता है तो हिंदू वोटों के ध्रुवीकरण से भाजपा को फायदा हो सकता है। सो, कांग्रेस और लेफ्ट मिल कर मुकाबले को त्रिकोणात्मक बना सकते हैं ताकि भाजपा को रोका जा सके।

आम आदमी पार्टी को लेकर भी संशय आगे तक कायम रहेगा। कांग्रेस अंदरखाने दिल्ली और पंजाब में तालमेल का मन बना रही है लेकिन अरविंद केजरीवाल की पार्टी इन दो राज्यों से बाहर भी सीट चाहती है। दूसरे, इन दोनों राज्यों में केजरीवाल की पार्टी की ओर से कांग्रेस को जितनी सीटों का प्रस्ताव दिया जाना है उसे देखते हुए लग नहीं रहा है कि कांग्रेस आसानी से तैयार होगी। दिल्ली में कांग्रेस के कुछ नेता तीन सीट पर राजी होने की संभावना देख रहे हैं लेकिन आप की ओर से अधिकतम दो सीटों का प्रस्ताव दिया जाना है। इसी तरह पंजाब में कांग्रेस आठ सीट लड़ना चाहती है, जबकि आप चाहती है कि वह आठ सीट लड़े।

नकली मिशन वाले

कई लोग चिंतित हैं कि कहीं हो न जाये नुकसान,
क्योंकि समाज होगा बदनाम,
फिर सोचा क्यों होगा नुकसान,
क्या होने देंगे मीडिया द्वारा पैदा किये हुए
घोर अम्बेडकरवादी के चमचे नुकसान,
वो तो ढूंढेंगे रास्ता आसान कल का लौंडा ही
स्वार्थी को मिशनरी कह सकता है,
उनकी आदत व्यवहार की व्याख्या
मैं नहीं उसका नेता ही कर सकता है,
खैर मिशन से स्वार्थ की ओर कैसे जाया जाते हैं?
ये सब हमारे समाज के जिम्मेदार लोग बताते हैं,
समाज का नाम लेकर दुश्मन से पैसा खाते हैं,
प्रत्याशी बन भी दलाली किया जा सकता है,
सनक के चलते समाज से बदला लिया जा सकता है,
अब न राजनीतिज्ञ चाहिए,
न परमार्थी लोग चाहिए,
अम्बेडकर के नाम से सम्पूर्ण उपभोग चाहिए,
चयन करो किकिसको मिशन चाहिए,
किसको खुद का जतन चाहिए,
या फिर किसको धन वाला विजन चाहिए,
सोचो और लगे तो शर्म करो,
या फिर दिखावे का वृहद कुकर्म चाहिए।

राजेन्द्र लाहिरी
पामगढ़
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

कृष्ण जन्माष्टमी विशेष

प्रतिकूल परिस्थिति में जन्मा बालक : कृष्ण

बतौर अध्यापक मैं अपनी कक्षा में बच्चों के समक्ष हमेशा एक चिर-परिचित वाक्य का जिक्र करता हूँ-प्रतिकूल परिस्थिति में ही प्रतिभा के प्रसून खिलते हैं। मेरे इस वाक्योच्चारण का आशय होता है कि बच्चों में यह बात घर कर जाय ; क्योंकि उनमें सुनकर सीखने व करने की क्षमता बड़ी प्रबल होती है। इस तथ्यपूर्ण वाक्य का सारगर्भित भावार्थ रखने का प्रयास करता हूँ कि उन्हें इसका गूढ़ अर्थ सरलतापूर्वक समझ आ जाय कि जब किसी शख्स की स्थिति प्रतिकूल होती है; यानी समय अनुकूल नहीं होता; और ऐसे समय नकारात्मक मनोपज अधिक हावी होने लगता है। पर यही एक ऐसा अवसर होता है कि जब आदमी स्वविवेक, धैर्य, संयम व श्रम-साहस के साथ अपना कर्म करता है, तो सफलता उसके कदम चूमती है; अर्थात निश्चित तौर पर सफलता मिलती है। वह सफलता सुकोमल-सुगंधित पुष्प से कम आकर्षक नहीं होती; तब तो यह भी स्पष्ट है कि सफलता रूपी सुमन की छटा बड़ी निराली होती है। आज इस प्रेरक व सारतत्वपूर्ण शब्दसमूह-प्रतिकूल परिस्थिति में ही प्रतिभा के प्रसून खिलते हैं। से मुझे द्वापरशिरोमणि श्रीकृष्णचंद्र जी का अवतरण प्रसंग स्मरण हो रहा है। चूँकि उनका आज अवतरण दिवस है; अतः उनके सम्बंध में कुछ बातों का जिक्र करना प्रासंगिक है।

प्रतिकूल परिस्थिति में प्रतिभा के प्रसून खिलते हैं।÷ श्रीकृष्ण जी के जीवनवृत्त पर यह शब्दावली सटीक बैठती है। उनके अवतरण प्रसंग में कुछ इस तरह की प्रतिकूल परिस्थितियाँ निर्मित होती है। पावस ऋतु और बारिश का मौसम। भाद्रपद के कृष्ण पक्ष। अष्टमी तिथि के मध्य काली रात। कारागार जैसी जगह। है न... प्रतिकूल परिस्थिति ? ऐसे ही समय बालक कृष्ण का जन्म होता है; और जिसे लेकर बंदी पिता वसुदेव जी मूसलाधार बारिश के वक्त रातोंरात उफनती कालिंदी (यमुना) को बमुश्किल पार कर गोकुल की धरा पर पदार्पण करते हैं। क्या यह नहीं है प्रतिकूल परिस्थिति व कुसमय...? बंदी माता-पिता देवकी-वसुदेव के जूझते परिस्थिति भरे जीवन का निष्कर्ष है-कृष्ण। इस तरह प्रतिकूल परिस्थिति में ही देवकी-वसुदेव को बालक कृष्ण के रूप पुत्र की प्राप्ति हुई।

अब हम कृष्ण की शैशवावस्था की बात करें तो, वह और भी विस्मय भरा रहा है। उसकी जन्मावधि ही अनुकूल व अच्छी नहीं रही, तो फिर शैशवकाल भला कैसे सामान्य हो सकता है। उसकी शैशवावस्था बहुत ही चमत्कारिक रही है। भले माता-पिता व दूसरों को कृष्ण एक चमत्कारिक बालक लगता है; और ईश्वर के प्रति श्रद्धा रखने वालों ने उसे ईश्वर माना। पर जनसाधारण की दृष्टिकोण में कृष्ण एक शिशु था; बालक था। तृणावर्त, वत्कासूर, बकासुर, अघासुर, यमलार्जुन जैसे दानवों का वध कर उसने सामाजिक कुरुतियों का अंत किया। पुतना वध में कृष्ण का एक सामाजिक संदेश रहा कि संसार में एक नारी को अपने हृदय में हर बच्चे के प्रति ममता व स्नेह का भाव रखना चाहिए; छल-

कपट की जगह एक नारी-हृदय नहीं है। कोई औरत एक अबोध बच्चे की मृत्यु का कारण न बने। बालस्नेहरहित हृदय निश्चय ही दंड का भागीदार है। इसलिए तत्कालीन समाज में बालकृष्ण द्वारा पुतनावध के रूप में ऐसी सामाजिक व अनैतिक कुरुतियों का अंत आवश्यक था।

कृष्ण का बाल्यावस्था में पदार्पण समूचे संसार के लिए एक संदेशपरक आम बचपन का प्रतीक रहा। गोकुल के घरों से सखाओं के साथ कृष्ण का माखन चुराना सुदृढ़ बालमित्रता का धोतक है। उसने बताया कि मित्रता सबसे समीपस्थ सांसारिक नाता है जिसमें छल, ईर्ष्या-द्वेष, घमंड, बैर जैसे अमानवीय दुर्गुणों का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। यमुना तट पर सखाओं के साथ कृष्ण के कंदूक-क्रीडा में स्नेह, एकता, सहयोग, भ्रातृत्व जैसे मानवीय सद्गुण देखने को मिलता है। फिर खोई हुई कंदूक के लिए उसका यमुना में कूद कर नागराज कालिया को यमुना से निष्कासित करना समस्त जलस्रोत को प्रदूषण से बचाना है। बालक कृष्ण का वृंदावन में गो-चारण उसके पशुधनप्रेम का प्रतीक है। उसके अनुसार गोधन से सुख-समृद्धि बढ़ती है। वन-वन गाय चराते हुए कृष्ण के द्वारा कई दानवों का वध करना उसके वनसंरक्षण को अवगत कराता है। इस तरह बालकृष्ण इस जगत में वनपरम्परा, अरण्यसभ्यता व कानन संस्कृति के संवाहक के रूप में स्थापित हुआ। दूध-दही बेचकर घर लौटती ग्वालिनों के द्वारा नदी-ताल में निर्वस्त्र स्नान करना एक अनैतिक कृत्य माना। फिर उसने ग्वालिनों को जो सबक सिखाया; सारा संसार जानता है। बालकृष्ण के द्वारा अपने सिर पर मोरपंख व गले में तुलसीमाला धारण करना प्रकृतिप्रेम का सूचक है। अतएव बालक कृष्ण का संदेश रहा है कि आने वाली पीढ़ी सदैव प्रकृति से प्रेम करती रहे।

कृष्णावतार कथा-प्रसंग में प्रेम का बड़ा महत्व है। उसने मानव जीवन में प्रेम को पूरी प्राथमिकता दी। हर आयु के गोप-ग्वालिनों के द्वारा कृष्ण के प्रति प्रेम बड़ा अनूठा; निराला है। कृष्ण अपने बालपन से ही सबका प्रेमपात्र रहा। उसके प्रति हर वर्ग, आयु, समाज के लोगों का प्रेम उसकी युवावस्था के आकर्षण के कारण नहीं रहा; अपितु उसका सद्चरित्र ही सबका स्नेहभाजन बनने का जरिया बना। बालकृष्ण व धरती के कण-कण के मध्य एक अप्रतिम स्नेह रहा। उसने माना कि प्रकृति में सदैव देने की प्रवृति होती है। प्रकृति के कण-कण की ससम्मान सदैव उचित उपयोगिता ही प्रकृतिप्रेम व पूजा है। इसीलिए तो आवश्यकता पड़ने पर उसने गोकुलवासियों से गोवर्धनगिरि की पूजा करवाई; जिससे देवराज इन्द्र के अहंकार का ध्वंस हो सका। इस तरह बालक कृष्ण व्यक्ति व सामंतवाद का घोर विरोधी कहलाया।

बालक कृष्ण के द्वारा मथुरेश महाराज कंस के वध के रूप में पाप, अधर्म, अन्याय, भ्रष्टाचार जैसी सामाजिक कुरुतियों का अंत हुआ। महाराज उग्रसेन को मथुरा साम्राज्य की सुपुर्दगी कृष्ण की सहृदयता व उदारता का प्रमाण है। देवी देवकी व वसुदेव को बंदीगृह से मुक्त कराना कृष्ण की माता-पिता के प्रति अपार स्नेह व सम्मान है। इस तरह बालकृष्ण एक साधारण होकर भी असाधारण बालक हुआ। उसके असाधारण बाल्यावस्था ने ही समाज में उसे एक असाधारण नर के रूप में स्थापित किया; और फिर वह नर से नारायण कहलाया। है न...कृष्ण प्रतिकूल परिस्थिति में जन्मा बालक ; जिसमें विलक्षणता कूट-कूट कर भरी हुई थी।

टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला
व्याख्याता (अंग्रेजी)
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

कोटा पर कलंक लगाती आत्महत्या की घटनाएं

राजस्थान का कोटा शहर देश में कोचिंग की सबसे बड़ी मंडी बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या भी काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होने के उपरांत भी वह अपने बच्चों को इस आशा से कोटा भेजते हैं कि यदि वह परीक्षा में सफल हो जाता है तो भविष्य में इंजीनियर या डॉक्टर बन जाएगा। इसके लिए लोग लाखों रुपए के कर्ज के बोझ तले भी दब जाते हैं। कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर कलंक लगा रही है। पिछले अगस्त महीने में ही कोटा में कोचिंग करने वाले पांच छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी। साल 2023 के 8 महीना में अब तक कोटा में 23 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। पिछले 5 वर्षों में यहां 70 छात्रों ने आत्महत्या की है। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते की स्थिति में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही है। कोटा में आत्महत्या करने वाले छात्रों में से अधिकांश गरीब या मध्यम वर्गीय परिवारों से आते हैं। इसी वर्ष जो 23 छात्रों ने आत्महत्या की है उनमें से 19 छात्र व चार छात्राएं शामिल है। इनमें से 17 छात्र नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे थे वही 6 छात्र जेईई परीक्षा की तैयारी कर रहे थे।

कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में पढ़ने के लिए आने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है।

ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां चलने वाले सभी कोचिंग संस्थाएं कई शिफ्टों में संचालित होती है। जिसमें अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती हैं। कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर मेडिकल या इंजीनियर की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करने को लेकर अभिभावकों व कोचिंग संस्थानों का दबाव होता है।

कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट



पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहतें हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से वह आत्महत्या जैसा अमानवीय कदम उठा लेते हैं।

कोटा में कोचिंग छात्रों के आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर विधायक पानाचंद मेघवाल ने विधानसभा में प्रश्न पूछा था। जिसके जवाब में सरकार ने आत्महत्या के जो प्रमुख कारण गिनाए थे उनमें कोचिंग सेंटर में होने वाले टेस्ट में छात्रों के पिछड़ जाने के कारण उनमें आत्मविश्वास की कमी होना, माता-पिता की छात्रों से उच्च महत्वाकांक्षा होना, छात्रों में शारीरिक मानसिक और पढ़ाई संबंधित तनाव उत्पन्न होना, आर्थिक तंगी, ब्लैकमेलिंग और प्रेम-प्रसंग जैसे प्रमुख कारण शामिल थे।

कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलन व हड़ताल के चलते धीरे-धीरे यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। एक समय ऐसा भी आया कि कोटा में नाम मात्र के उद्योग ही रह गए थे। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलना प्रारंभ हुई। सन 2005 के आसपास तो यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा में कोचिंग संस्थान एक बहुत बड़ा व्यवसाय बन चुका है। पूरे कोटा शहर की अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। कोटा शहर के हर चौक-चौराहे पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग हीं सब कुछ है। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं।

आज कोटा देश में कोचिंग का सुपर मार्केट है। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना चार हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को अनुमानतः सालाना 300-400 करोड़ रूपये से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे मोटे 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। यहां तक कि दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं। आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढने वाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से अकेले कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी पास छात्र पढ़ा रहे हैं। कोटा में बढ़ती आत्महत्याओं की घटनाओं से चिंतित राजस्थान सरकार हरकत में आई है। सरकार ने त्वरित कदम उठाते हुए अगले दो माह तक सभी तरह के टेस्टों पर प्रतिबंध लगा दिया है। कोटा में कोचिंग करने वाले छात्रों के लिए अलग से पुलिस थाना खोला जाएगा। हॉस्टल के कमरों में ऐसे पंखे लगाए जाएंगे जिनमें डिवाइस फिट रहेगी और यदि कोई पंखे पर लटकने की कोशिश करेगा तो डिवाइस में लगा सायरन बजकर लोगों को सतर्क कर देगा। सरकार ने छात्रों के मानसिक तनाव के विस्तृत अध्ययन के लिए मनोचिकित्सकों की एक टीम भी बनाई है जो छात्रों से मिलकर आत्महत्याओं के कारणों की जांच करेगी।

सरकार अपनी तरफ से चाहे कितनी भी कोशिश कर ले। कोटा में पढ़ने वाले छात्र जब तक खुले मन से बिना किसी दबाव के पढाई करने लगेंगे तभी यहां का माहौल सुधरेगा। यहां चल रहे कोचिंग संस्थानों को मशीनी स्तर पर चलाई जा रही प्रतिस्पर्धा को रोककर एक सकारात्मक वातावरण बनाना होगा। तभी कोटा में पढ़ने वाले छात्र खुद को सुरक्षित महसूस कर पढाई कर पाएंगे। कोटा में संचालित कोचिंग संस्थान जब तक अपने काम को पैसे कमाने कि मशीन समझना बंद कर अपने छात्रों के साथ संवेदनशील व्यवहार नहीं करेंगे तब कोटा के हालात नहीं सुधरेंगे।

रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

मैं कृष्ण

जन्माष्टमी पर आप सभी
मेरा जन्म उत्सव मना रहे हो
मेरे द्वारा किए गए कर्मों का
गुणगान किए जा रहे हो!
महाभारत का रचयिता मान
गीता संदेश की महिमा बता रहे हो!
मेरा गुणगान करने वाले लोगों
मेरे द्वारा सहे दुखों को भुला रहे हो।
मेरा यहां पैदा होने के बाद ही
मुझे मां बाप से अलग होना पड़ा।
मामा कंस द्वारा मारे जाने के डर से
पिता ने मुझे नंद यशोदा को दे दिया!
मामा कंस ने मुझे मरवाने के लिए
बहुत सारे तरीके इस्तेमाल किए!
लेकिन मायावी शक्तियों के कारण मैं
हर बार मौत के मुंह से बचता रहा!
जब मैं बड़ा हुआ तो गोपियों संग
पनघट पर रास रचाते रचाते बड़ा हुआ
मेरे मन में तो बसी थी राधा रानी
लेकिन मुझे रुकमणी संग बिताना पड़ा
कौरवों और पांडवों में
युद्ध रोकने के लिए
मुझे धृतराष्ट्र के पास
शांति दूत बन जाना पड़ा
भरी सभा में अहंकारी दुर्योधन के द्वारा
अपमान पर अपमान का घूंट पीना पड़ा
महाभारत के युद्ध में
कौरवों का नाश हुआ
इस पर गंधारी ने मुझे
बर्बादी का श्राप दिया।
महाभारत के समाप्त
होने के बाद मैंने
द्वारका को अपनी
राजधानी बना लिया।
मेरे पैर में लगी मणि को
एक शिकारी ने
हिरण समझ तीर चला मुझे मार दिया।
मेरे परिवार के
यदुवंशी भाइयों में आपस में
लड़ लड़ कर अपना
सब का नाश किया।
दुनिया वालों कितना
पूज लो मुझे आप
बचपन से मौत तक
मैंने बहुत संताप सहा।
सुनने पढ़ने में अच्छी है
कृष्ण की कहानी
लेकिन अंदर झांको तो
आंखों में आएगा पानी।

प्रोफेसर शाम लाल कौशल
रोहतक
हरियाणा

तिरंगा हम फहरायेंगे

झंडा ऊंचा रहे हमारा,
लगता सबसे एकदम न्यारा,
तीन रंगों से सजकर ये झंडा,
दिखता देखो कितना प्यारा।
हरा रंग हरियाली बतलाता,
त्याग करना केसरिया सिखलाता,
धवल रंग जो सजे बीच में,
शांति का पैगाम वो लाता।
आन बचाता भारत की ये,
बान दिखाता भारत की ये,
आंच न इस पर आने दें हम,
शान बढ़ाता भारत की ये।
प्राण अपने गंवा देंगे हम,
सर्वस्व अपना लुटा देंगे हम,
भारी हर विपदा पर भारत,
दुश्मन को आज बता देंगे हम।
हर सिम्त इसे हम लहरायेंगे,
प्रेम सुधा बस बरसायेंगे
झुकने देंगे न कुछ भी हो जाए,
हर घर तिरंगा हम फहरायेंगे।

पिंकी सिंघल
दिल्ली

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

नटखट कन्हैया

ठुमक ठुमक आए कन्हैया,
देखो नटखट है नंदलाल,
छमङ्छम छम घुँघरू बाजे,
पैरों में सुंदर साजे,
गोकुल की गलियों में घूमे,
घुँघरालू उसके बाल।।
रोम रोम जब हर्षित होवे,
गूँजे आँगन किलकारी,
मनमोहक ये दृश्य सलोना,
छुप कर देखे गोपियाँ सारी,
नजर उतारे मातु यशोदा,
अचरज हो कर करे सवाल।।
धुरङ्गमधुर मुरली की धुन,
सुन गैय्या रंभाये।
बाल रूप की छवि निराली
आँखों में छप जाये।
मदमस्त मगन हो मेरे कान्हा
बैठे कदंब की डाल।।
करे उपाय लाख कंस,
भय सर में मंडराये,
बकासुर कृष्णा के आगे,
अपना प्राण गँवाये,
जन ङ्जन हृदय वास मुरारी,
रखे सभी का ख्याल।।

प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

द्वारका दिल्ली में सजी कवियों की महफिल

समाचार निर्देश द्वारा द्वारका दिल्ली में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ ।समाचार निर्देश के निदेशक आयोजक श्री मुकेश कुमार भोगल,सम्पादक, कवयित्री, लेखिका सीमा रंगा इन्द्रा एवं सह सम्पादक डा.नाथू लाल लोटवाड़ा रहे । कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आए कवियों ने समाँ बांधा।अपनी प्रस्तुतियों द्वारा लोगों का मन मोह लिया ।कवियों का काव्य पाठ इतना मोहक था कि श्रोता स्थान पर बने रहे।कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि श्री जतिन नन्द किशोर सहरावत पूर्व विधायक सुपुत्र, पंजाबी प्रोड्यूसर श्री अमन परवाना पंजाब,राजेश्वरी जी प्रोड्यूसर एवं निदेशक हरियाणा,विनोद नरवाल जी रोहतक,जय सिंह जीत विशिष्ट अतिथि झज्झर रहे।दिल्ली,हरियाणा से कवि सम्मेलन में हिस्सा लिया।

कवि सम्मेलन का लाइव प्रसारण समाचार निर्देश के स्टुडियो द्वारा किया गया ।समाज सेवी श्री मुकेश कुमार भोगल ने कवि सम्मेलन का आयोजन सुपुत्री तनु श्री भोगल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में द्वितीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया।भोगल जी समय समय पर ऐसे आयोजन करवाते चले आ रहें है । कवि सम्मेलन में सुप्रसिद्ध कवयित्री सीमा रंगा इन्द्रा ने 'दिखा दिया भारत ने फिर से हममें ताकत है ,डा.नाथू लाल लोटवाड़ा ऐसी ज़मीन तलाशी जाए, जय सिंह जीत ने मेरी बेटी मेरा गर्व,हेमंत जगदीश शर्मा ने ग़ज़ल,नगेन्द्र बाला ने राजस्थानी गीत,डा.सीमा वत्स ने प्रेम गीत,मानवी गोला ने बेटी पर, ,अशोक भारद्वाज ने प्रेम मुक्तक,डा.गीता राघव ने वेदना पर,पूनम सिंह भदोरिया ने हिंसा,खुशबू जैन ने प्रेम मुक्तक,संगीता गीत ने मुक्तक,कौशल समीर,राजेश शर्मा जी ने हास्य रस पर कविताएं सुना कर सबको हंसने पर मजबूर कर दिया।विनोद नरवाल ने शेर सुनाकर सबका मन मोह लिया।

राजेश शर्मा प्रकृति प्रेमी जी ने प्रोग्राम में पधारे सभी अतिथि व कवि गणों को टोपी व टी-शर्ट देकर सम्मानित किया।

मुकेश कुमार जी ने सभी कवियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। मंच संचालन डा.नाथू लाल लोटवाड़ा ने किया।श्री मुकेश कुमार भोगल ने सभी का धन्यवाद किया एवं भविष्य में ऐसे खूबसूरत आयोजन करवाने का वादा किया ।

सीमा रंगा इन्द्रा
द्वारका
दिल्ली

विशेष सत्र क्या चुनावी इवेंट ?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की भाजपा का अर्थ हैं इवेंट क्रिएट पार्टी? सूखे तालाब की भी भरेपूरे बांध की झांकी बना डालना। हर मौके, बड़ी घटना को इवेंट में बदल देने का नाम भाजपा। प्रधानमंत्री विदेश जाते हैं तो उसे इवेंट बनाया जाता है। एयरपोर्ट के बाहर प्रवासी भारतीयों से नारे लगवाए जाते हैं। प्रधानमंत्री विदेश से लौटते हैं तो हवाईअड्डे पर हजारों लोगों को लेकर जेपी नड्डा इवेंट क्रिएट करते हैं। चंद्रयान-दो पूरी तरह से सफल नहीं हुआ तब भी इसरो के वैज्ञानिकों के आंसू पोंछने का इवेंट हुआ तो चंद्रयान-तीन की सफलता पर खुशी के आंसू बहाने का इवेंट हुआ। तभी जी-20 की बैठक महा इवेंट है। इसलिए इसकी शान में लगता है कि 18 से 22 सितंबर का विशेष सत्र भी एक इवेंट होगा। इसके आगे भी एक के बाद एक इवेंट। ताकि लोकसभा चुनाव तक लगातार इवेंट्स को देख जनता गद्गद भाव सोचे कि नरेंद्र मोदी के अलावा दूसरा है कौन? यह संभवतः पहली बार है कि संसद के विशेष सत्र को बुलाने की घोषणा हुई लेकिन एजेंडा नहीं बताया गया। पहले भी संसद के विशेष सत्र होते रहे हैं। भारत छोड़ो आंदोलन के 50 साल पूरे होने पर, संविधान के 70 साल होने पर या जीएसटी लागू करने पर विशेष सत्र बुलाया गया था। लेकिन तब सबको विशेष सत्र का एजेंडा पहले से पता था। इस बार संसदीय कार्य मंत्री ने सिर्फ इतना कहा है कि पांच दिन का विशेष सत्र होगा और अमृतकाल में सार्थक चर्चा की उम्मीद है। अमृतकाल में सार्थक चर्चा का क्या मतलब निकाला जाए? अभी 11 अगस्त को संसद का मानसून सत्र खत्म हुआ। पर उसमें तो कोई सार्थक चर्चा नहीं हुई! मणिपुर जैसे ज्वलंत मुद्दे पर प्रधानमंत्री का बयान कराने के लिए विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा था। मतलब मानसून सत्र की 17 बैठकों में जब सार्थक चर्चा नहीं हुई तो पांच बैठकों में क्या सार्थक करना है?

सार्थक चर्चा के नाम पर बुलाई गई विशेष बैठक को लेकर सबके अपने अपने अनुमान हैं। लेकिन सबसे सटीक अनुमान यही है कि सरकार को इवेंट क्रिएट करना है। प्रधानमंत्री ने लाल किले से 2047 तक विकसित भारत और उसके बाद एक हजार साल के भव्य भारत की घोषणा की हुई है। सो भव्य भारत पर चर्चा कराई जा सकती है। इसका एक मकसद घरेलू और वैश्विक उपलब्धियों का डंका बजाना है। जी-20 की सफलता और चंद्रयान-तीन की सफलता को लेकर प्रधानमंत्री की जय-जयकार करनी है। उनको विश्वगुरू, विश्वमित्र या विश्वपिता की उपाधि से सम्मानित करना है। चूंकि नवंबर में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं इसलिए उससे पहले ऐसा इवेंट करना है, जिसकी गूंज इन पांचों राज्यों में सुनाई दे। ध्यान रहे नवंबर के अंत तक इन राज्यों के चुनाव चलेंगे इसलिए संभव है कि संसद का शीतकालीन सत्र देरी से हो। पिछले साल भी गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनाव की वजह से संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर को शुरू हुआ था। इस साल तो पांच राज्यों के चुनाव हो रहे हैं इसलिए शीतकालीन सत्र में देरी स्वाभाविक होगी। उससे पहले विशेष सत्र बुला कर उपलब्धियों का गौरवगान एक चुनावी रणनीति हो सकती है।

चूंकि सरकार ने एजेंडा नहीं बताया है इसलिए अटकले है। अगर अ

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षक दिवस के अवसर पर स्कूल जतन योजना के तहत जीर्णोद्धार किये गये स्कूल भवनों का किया लोकार्पण

कलेक्टर के सतत् मॉनिटरिंग में जिले ने हासिल की उपलब्धि,पूरे राज्य में सरगुजा जिले में सर्वाधिक 584 स्कूल भवनों का हुआ जीर्णोद्धार

» मुख्यमंत्री के हाथों जिले के 76 नवनियुक्त शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र

» शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति तथा राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित हुए सरगुजा के शिक्षक

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,05 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षक दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के दीनदयाल ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत जीर्णोद्धार किए गए स्कूल भवनों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में 21 करोड़ 622 लाख रुपए की लागत से जीर्णोद्धार किए गए राज्य के कुल 08 हजार 152 स्कूल भवनों का लोकार्पण किया गया। पूरे राज्य में सरगुजा जिले में सर्वाधिक 584 स्कूल भवनों का जीर्णोद्धार हुआ है, जिसकी लागत 1278.06 लाख रूपए है, जो निश्चित ही जिले की उपलब्धि है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के सतत मॉनिटरिंग में जिले में योजना का बेहतर क्रियान्वयन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर सभी जर्जर और मरम्मत योग्य स्कूल भवनों का जीर्णोद्धार किया गया है। उन्होंने मार्च 2023 में इसके लिये 1000 करोड़ रुपए की मंजूरी की घोषणा की। मुख्यमंत्री बघेल के निर्देश पर पूरे राज्य में 1037 करोड़ रुपए की लागत से स्कूल भवनों की मरम्मत के 21 हजार 564 कार्यों तथा 1096.66 करोड़ रुपये की लागत से 7 हजार 598 अतिरिक्त कक्ष की स्वीकृति प्रदान की गई। इस प्रकार मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत कुल 29 हजार 162 कार्यों हेतु 2133.66 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान करके कार्य प्रारंभ किये गये। स्कूल भवनों के जीर्णोद्धार की यह अब तक की सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी योजना है। इनमें से 7 हजार 688 मरम्मत कार्य एवं 464 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। 5 सितंबर शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा 8 हजार 152 कार्यों का लोकार्पण किया गया।

मुख्यमंत्री के हाथों जिले के 76 नवनियुक्त शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षक दिवस के अवसर शिक्षक भर्ती 2023 में चयनित 1318 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। जिसमें जिले के 76 शिक्षकों को भी मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। शेष बचे पदों पर भी नियुक्ति के लिए कांउसिलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही जारी है एवं उन्हें शीघ्र ही नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे। ई-सेवा केंद्र में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर श्री कुन्दन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी कार्यक्रम से जुड़े।

शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति तथा राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित हुए सरगुजा के शिक्षक

शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 75 चयनित शिक्षकों को वर्ष 2023 के राष्ट्रपति पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसमें सरगुजा जिले के स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ब्रम्हपुर के प्राचार्य डॉ ब्रजेश पाण्डेय को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर यह पुरस्कार प्राप्त हुआ। डॉ पाण्डेय इस वर्ष यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले छत्तीसगढ़ राज्य से एकमात्र शिक्षक हैं। इसी प्रकार राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन के द्वारा राजभवन के दरबार हॉल में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में जिले के दो शिक्षकों का सम्मान किया गया, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर की व्याख्याता श्रीमती अनामिका चक्रवर्ती एवं स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के व्याख्याता श्री अंचल कुमार सिन्हा को यह सम्मान प्राप्त हुआ।

संभागीय उड़नदस्ता और आबकारी टीम द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही,जब्त की गई अवैध शराब

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,05 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर अवैध मदिरा धारण,परिवहन एवं विक्रय इत्यादि को नियंत्रित किए जाने हेतु कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी कड़ी में सचिव सह आबकारी आयुक्त जनक प्रसाद पाठक एवं कलेक्टर कुन्दन कुमार द्वारा दिए गए विशेष निर्देशन एवं मार्गदर्शन के तारतम्य में संभागीय उड़नदस्ता, संभाग सरगुजा एवं जिला सरगुजा की आबकारी टीम की संयुक्त कार्यवाही में 387 लीटर अवैध शराब के साथ 01 आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर थाना दरिमा अंतर्गत ग्राम परसोड़ी में कृष्णा कुमार सेमरिया के घर से 43 पेटी (2150 पाव) मध्यप्रदेश की गोवा शराब कुल 387 लीटर जप्त किया। जप्त शराब की अनुमानित लागत करीब 2 लाख 50 हजार रूपए आंकी गई है। शराब तस्कर के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क, 34 (2) एवं 59 (क) एवं 36 के तहत प्रकरण कायम कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

उपरोक्त कार्यवाही में संभागीय उड़नदस्ता टीम से सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत कुमार गुप्ता, सहायक जिला आबकारी अधिकारी रविन्द्र पांडेय, आबकारी उपनिरीक्षक टी.आर. केहरी एवं जिला आबकारी टीम से आबकारी उपनिरीक्षक सौरभ साहू एवं आनंद राम भोई तथा मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, कुमारू राम तथा आरक्षकों में अशोक सोनी, रमेश चन्द्र गुप्ता, मथुरा पटेल, मो. एजाज रसूल का विशेष योगदान रहा।

सुरजपुर विश्रामपुर श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का किया जाएगा भव्य आयोजन

- संवाददाता -
सुरजपुर,05 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

श्री गौरीशंकर मंदिर परिसर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी

उत्सव का भव्य आयोजन श्री गौरीशंकर मंदिर समिति के द्वारा किया जा रहा है।इस निमित्त छय सितंबर मंगलवार शाम छय बजे से अखंड भजन कीर्तन सतपता, सलका, रेल्वे स्टेशन पारा की रवि पाण्डेय एवं नागेंद्र की टीम द्वारा किया जाएगा।मूर्ति स्थापना रात्रि 9:00 बजे की जाएगी, जन्माष्टमी उत्सव की तैयारी साज सज्जा,डेकोरेशन लाइटिंग आदि की तैयारी समिति के द्वारा की जा रही है,समिति के द्वारा सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव में शामिल होने की अपील की है।उक्ताशय की जानकारी मंदिर समिती के अध्यक्ष महेश गुप्ता के द्वारा दी गई।

आईटीआई के छात्रों द्वारा मानव श्रृंखला व रैली का आयोजन कर मतदान हेतु लोगों को किया जागरूक

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,05 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर मतदान प्रतिशत् बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) के छात्रों द्वारा मानव श्रृंखला व रैली का आयोजन किया गया। साथ ही संस्थान में 10 ऐसे छात्र जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ पाया था, उन छात्रों का फार्म भराया गया। नव मतदाताओं को जागरुक करने के साथ-साथ शत् प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाया गया।

इसके साथ ही जिले के सभी विकासखण्डों में भी मतदाता जागरुकता का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अम्बिकापुर, लखनपुर, उदयपुर, लुण्ड्रा, बतौली, सीतापुर, एवं मैनपाट विकासखण्ड में लगातार फ्लैश मोब, मानव श्रृंखला, मेंहदी व रंगोली के कार्यक्रम स्कूलों एवं कॉलेजों में आयोजित कर नवीन मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

भाजपा विधायक प्रत्याशी प्रबोध मिंज का हुवा जमकर विरोध

- संवाददाता -
लखनपुर,05 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

लखनपुर सरगुजा जिले के लुंड्रा के भाजपा विधायक प्रत्यासी प्रबोध मिंज को हो रहा है विरोध । छत्तीसगढ में विधानसभा चुनाव नजदीक है, सभी राजनीतिक दल चुनाव की तैयारीयो में व्यस्त हैं, और अपने-अपने क्षेत्र में लगातार प्रचार प्रसार कर रहे है, भारतीय जनता पार्टी ने तो 21 विधानसभा क्षेत्र में अपने प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी है, जिन विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों को टिकट मिल गया है वह अपने-अपने क्षेत्र में लगातार दौरे कर रहे हैं और जीत के दावे करते भी नजर आ रहे हैं वही सरगुजा जिले के लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र तुनगुरी में इन दिनों सर्व हिंदू आदिवासी समाज के लोग भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार प्रबोध मिंज का खुलकर विरोध प्रकट करते नजर आ रहे हैं, सर्व हिंदू आदिसमाज का मानना है कि एक ओर भारतीय जनता पार्टी जहां डी लिस्टिंग का समर्थन करती है वहीं 90 से 95 प्रतिशत हिंदू आबादी वाले क्षेत्र में एक अल्पसंख्यक समुदाय से संबंध रखने वाले व्यक्ति को अपना प्रत्याशी घोषित करती है, यह भाजपा का दोहरा चरित्र नहीं तो और क्या है, यदि भाजपा अपना उम्मीदवार नहीं बदलती है तो लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र से निश्चित ही सर्व हिन्दू समाज ईसाई समुदाय से संबंध रखने वाले प्रबोध मिंज को हार का मुंह दिखाएंगे। बहरहाल भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने यह तो स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी परिस्थिति में घोषित प्रत्याशियों का टिकट वापस नहीं लिया जाएगा ना किसी प्रकार का फेर बदल किया जाएगा, अब देखना यह होगा कि सर्व हिंदू समाज का विरोध पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के सामने क्या मायने रखता है।

द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 8 से 10 सितंबर को

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,05 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिला टेबल टेनिस संघ द्वारा छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वार्षिक खेल कैलेंडर के अनुसार द्वितीय राज्य स्तरीय रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 10 सितंबर तक गांधी स्टेडियम के नवनिर्मित मल्टीपरपज इंडोर ग्राउंड में होगी। सरगुजा जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव नावेद खान ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों के कुल 300 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे व प्रतियोगिता कुल 6 अलग-अलग वर्गों में आयोजित कराई जानी है।

जिसमें 8 सितंबर को युथ अंडर 17 जूनियर गर्ल्स, ब्यॉस वह यूथ अंडर 13 कैडेट गर्ल्स, ब्यॉस के मैच सुबह 9 बजे से कराए जाएंगे। इसी प्रकार 9 सितंबर को सीनियर वर्ग में मेन्स, वुमेन्स व अंडर 11 होप्स गर्ल्स ब्यॉस के मैच खेले जाएंगे। 10 सितंबर को यूथ अंडर-19 ब्यॉस, गर्ल्स, यूथ अंडर 15 सब जूनियर ब्यॉस गर्ल्स के मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में विजेता उपविजेता प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को कैश प्राइज मनी व विजेता उपविजेता की ट्रॉफी के साथ प्रमाण पत्र इत्यादि प्रदान किया जाएगा।

प्रतियोगिता को पूर्ण रूप से आयोजित कराने के लिए राज्य के अलग-अलग जिलों से कुल 20 ऑफिशल व अंपायर एक दीन पूर्व उपस्थित होकर प्रतियोगिता की समस्त आवश्यक कार्रवाई को अंजाम देंगे। तीन दिन के इस बड़े आयोजन में संघ के अध्यक्ष द्वितेंद्र मिश्र ने आयोजन को सफल बनाने के लिए समस्त आवश्यक तकनीकी पहलुओं पर बारीकी से संज्ञान में लेते हुए संघ के सदस्यों खिलाडियों को आवश्यक तैयारी हेतु समयसीमा के अंदर पूर्ण करने दिशा निर्देश दिए व जिलेवासियों को प्रदेश से आ रहे सभी खिलाडियों के उत्साहवर्धन व रोमांचक मुकाबले को देखने ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने की अपील भी की है।

हड़ताली 54 ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक निलंबित

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सूरजपुर छ0ग0

क्र0/ 3468 /स्था0-1/2023 सूरजपुर, दिनांक – 05/09/2023

आदेश

छत्तीसगढ़ शासन गृह विभाग, सी-अनुभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का आदेश क्रमांक/एफ 64-104/एफ-सी/2023 नया रायपुर, दिनांक 11.07.2023 के अनुसार छ.ग. अध्यवसायक सेवा संघटन तथा विनियमन विधान अधिनियम 1976 (क्र. 14 सन् 1976) की धारा 4 की उप-धारा (1) एवं (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन द्वारा उक्त संघटित आदेश के जारी किये जाने की तारीख से अनुसूची के भाग "ग" के मदद क्रमांक (तीन) के निर्दिष्ट "लोक स्वास्थ्य (ग्रामीण)स्वास्थ्य संयोजक एवं परिवार कल्याण विभाग) से संबद्ध समस्त कार्य और स्वास्थ्य कर्मियों की अध्यवसायक सेवाओं में कार्य करने से इंकार किये जाने तथा प्रतिरोध किया जाने घोषित है।

स्वास्थ्य विभाग चिकित्सालय अस्पताल एवं अध्यवसायक सेवा की श्रेणी में आता है उक्त विभिन्न अध्यवसायकों ग्रामीण दीनदयाल/ग्रामीण/सुपरिटेन्ट/अध्यवसायकीय सहायी आदि संबंध रोगी से पीड़ित मरीजों का इलाज किया जाता है। यदि स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल में जाते हैं तो अन्य जनता को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ेगा एवं जनहानि की संभावना बन जाएगी। छत्तीसगढ़ में अस्पताल होंगे राज्य में एकमात्र एकल राज्य है।

उपरोक्त संबंध में उक्त कार्यालय द्वारा महाशय में नये अधिकारियों/कर्मचारियों को दूरभाष एवं के लक्ष्य सत्यापन कार्य पर उपस्थित होने हेतु इस कार्यालय के क्र्र 242/7703/स्था0/2023 सूरजपुर, दिनांक 22/09/2023 के द्वारा विशिष्ट सर्वेक्षण सह मृत्यु अन्वेषण अधिकारी एवं मनसा स्वास्थ विशिष्टता अधिकारियों को एकमात्र एकल राज्य होने के संबंध में पत्र जारी किया गया था, जिसमें समस्त हड़ताली अधिकारियों/कर्मचारियों को 24 घण्टे के अंदर कार्य में उपस्थिति होने हेतु निर्देशित किया गया था। साथ ही इस कार्यालय को पत्र क्र0/7888/स्था0-01/2023 सूरजपुर, दिनांक 26/08/2023 एवं कार्यालयीन पत्र क्र0/8403/स्था0-01/2023 सूरजपुर, दिनांक 01/09/2023 के माध्यम से हड़ताल के मामले होकर हड़ताली पर उपस्थित होने हेतु मर्यादित को व्यक्तिगत नोटिस जारी किया गया। परन्तु अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुए।

छत्तीसगढ़ सेवाओं का उपरोक्त प्रकार का कृत्य छ0ग0 सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उपनियम 5 (1)(2) के अनुसार कदाचरण (misconduct) की श्रेणी में आता है।

अतः छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 नियम 14 उपनियम (a) के तहत राज्यपाल मर्यादाओं मानते हुए इस आदेश जारी करने के निर्धारित किया जाता है साथ ही नियमन अवधि के दौरान संबंधित कर्मचारी के निलंबनकाल के समतुल्यिक स्थानान्तरण होकर मुख्यालय नियत किया जाता है। आप अपनी उपस्थिति अपने मूल चिकित्सा अधिकारी को देना सुनिश्चित करें। नियमन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता भी पाकता होगे।

क्र0	अधिकारी कर्मचारी का नाम	पदनाम	कार्यालय का स्थान
1	श्रीमती सविता खालून	आर.एन.ओ महिला	उपस्वास्थ्यकेन्द्र सूरजपुर
2	श्रीमती किरण तुर्रो	आर.एन.ओ महिला	उपस्वास्थ्यकेन्द्र गोपालपुर
3	श्रीमती पुष्पा धनगरी	आर.एन.ओ महिला	उपस्वास्थ्यकेन्द्र देवीपुर
4	श्रीमती आनन्दा उपवनसाल	आर.एन.ओ महिला	उपस्वास्थ्यकेन्द्र नवापुर
5	श्रीमती शिखा यादव	आर.एन.ओ महिला	उपस्वास्थ्यकेन्द्र सेमरानगर
6	श्री संतोष गुप्ता	आर.एन.ओ पुरुष	उपस्वास्थ्यकेन्द्र भवोरा
7	श्री रवि प्रसाद	आर.एन.ओ पुरुष	उपस्वास्थ्यकेन्द्र गिलहरीडेह
8	श्रीमती संगीता सर्वते	आर.एन.ओ महिला	उपस्वास्थ्यकेन्द्र उदयीडेह
9	श्री विनोद गुप्ता	आर.एन.ओ पुरुष	उपस्वास्थ्यकेन्द्र बम्बनपुर
10	श्री अजित कुमार सिंह	आर.एन.ओ पुरुष	उपस्वास्थ्यकेन्द्र जैतपुरा
11	श्रीमती मेघना लकड़ा	आर.एन.ओ महिला	उपस्वास्थ्यकेन्द्र गोरी
12	श्रीमती रश्मिलता सिंह	आर.एन.ओ महिला	उपस्वास्थ्यकेन्द्र रामगढ़
13	श्री सुमेश मजूमदार	आर.एन.ओ पुरुष	उपस्वास्थ्यकेन्द्र डेवरी
14	श्री दिनानाथ राजवाड़े	आर.एन.ओ पुरुष	उपस्वास्थ्यकेन्द्र सेमरजगान
15	श्री बलदाऊ राम पोद्दार	आर.एन.ओ पुरुष	उपस्वास्थ्यकेन्द्र जैतपुरपुर
16	श्री विजयी भगत	आर.एन.ओ पुरुष	उपस्वास्थ्यकेन्द्र इतरीडिकरा
17	श्री कृष्ण प्रसाद सिंह	आर.एन.ओ पुरुष	उपस्वास्थ्यकेन्द्र लोरमा
18	श्री राम भरोस प्रजापती	आर.एन.ओ पुरुष	उपस्वास्थ्यकेन्द्र अमरपुर
19	श्री मनमोहन यादव	आर.एन.ओ पुरुष	उपस्वास्थ्यकेन्द्र रामपोई
20	श्रीमती मालती सार्थी	आर.एन.ओ महिला	उपस्वास्थ्यकेन्द्र रोहडेकपाल
21	श्रीमती कुलवन्ती बन्ना	आर.एन.ओ महिला	उपस्वास्थ्यकेन्द्र इतरीडिकरा
22	श्रीमती निर्मला भगत	आर.एन.ओ महिला	प्राथमिकस्वास्थ्य केन्द्र लखनपुर
23	सुनील कुमार टेकाम	आर.एन.ओ पुरुष	उप स्वास्थ्य केन्द्र मेराही
24	विकास जायसवाल	आर.एन.ओ पुरुष	उप स्वास्थ्य केन्द्र बेसरानाल
25	राम अवतार पैकरा	आर.एन.ओ पुरुष	उप स्वास्थ्य केन्द्र नवोडीह
26	संजू कुजूर	आर.एन.ओ पुरुष	उप स्वास्थ्य केन्द्र बनारा
27	रवीन तिर्की	आर.एन.ओ महिला	उप स्वास्थ्य केन्द्र भवोरा
28	अनिता मिंज	आर.एन.ओ महिला	उप स्वास्थ्य केन्द्र डाडगुरुपुर
29	रीना बाड़ा	आर.एन.ओ महिला	उप स्वास्थ्य केन्द्र नागी
30	जीवनी खुसरोपा	आर.एन.ओ पुरुष	उप स्वास्थ्य केन्द्र डाडगुरुपुर
31	पार्वती सोनवानी	आर.एन.ओ महिला	उप स्वास्थ्य केन्द्र दुलगी
32	पुष्पा तिर्की	आर.एन.ओ महिला	उप स्वास्थ्य केन्द्र कटनिया
33	इन्दलदेव अंगारी	आर.एन.ओ पुरुष	उप स्वास्थ्य केन्द्र कटनिया
34	सुखमोती गुप्ता	आर.एन.ओ पुरुष	उप स्वास्थ्य केन्द्र नागपुर
35	रेखा गुप्ता	आर.एन.ओ महिला	उप स्वास्थ्य केन्द्र नागपुर
36	ललिता एक्का	आर.एन.ओ महिला	उप स्वास्थ्य केन्द्र अम्बाराजपुर
37	रंगनाथिनी	आर.एन.ओ महिला	उप स्वास्थ्य केन्द्र अम्बाराजपुर
38	रेखा बंजारे	आर.एन.ओ महिला	उप स्वास्थ्य केन्द्र मनरा
39	एलकेशिया एक्का	आर.एन.ओ महिला	उप स्वास्थ्य केन्द्र पंडरीकलान
40	सोनाकाली	आर.एन.ओ पुरुष	उप स्वास्थ्य केन्द्र पंडरीकलान
41	देवनाथ टुडू	आर.एन.ओ पुरुष	उप स्वास्थ्य केन्द्र गोडेकोनपुर
42	संगीता सिंह	आर.एन.ओ महिला	उप स्वास्थ्य केन्द्र बकवारा
43	लक्ष्मीनिवास	आर.एन.ओ महिला	उप स्वास्थ्य केन्द्र गोरिमपुर

- संवाददाता -
सूरजपुर,05 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

पिछले 21 अगस्त से हड़ताल पर बैठे स्वास्थ्य कर्मियों की वजह से स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा जाने के कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया है। राज्य शासन के आदेश के बाद निलंबन की कार्रवाई मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी ने की है जिससे स्वास्थ्य कर्मियों ने नाराजगी व्यक्त किया है।उनका कहना है कि हम अपनी जायज मांग को लेकर हड़ताल पर थे हमारी मांगे पूरा करने के बजाय उल्टा कार्रवाई की जा रही है।

21 अगस्त से जिले के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर थे उन्हें लग रहा था कि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी,मगर निलंबन की कार्रवाई कर आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया गया है हालांकि अभी ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक हड़ताल पर डटे हुए हैं।इधर मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर एस सिंह ने 54 ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों को राज्य शासन का हवाला देते हुए निलंबित कर दिया है निलंबन की अवधि में विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय में नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह बच्चों की पात्रता होगी।उल्लेखनीय है कि हड़ताल में जिले के करीब डेढ़ सौ से अधिक ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक शामिल रहे इधर निलंबन की कार्रवाई से हड़ताली स्वास्थ्य कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।

सनातन धर्म के अपमान पर नगर भाजपा ने उदयनिधि स्टालिन का फूंका पुतला

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,05 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

तमिल नाडू के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म के उपर दिए गए विवादित बयान जिसमे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन हिन्दू धर्म को समाप्त किये जाने व इसकी तुलना डेंगू, मलेरिया व कोरोना से किये जाने के कारण पुरे भारतवर्ष का सनातन हिन्दू धर्म को मानने वाले हिन्दू जनमानस में भारी आक्रोश है 7 इस बयान के विरोध में भाजपा नगर मण्डल अम्बिकापुर के द्वारा स्थानीय घड़ी चौक पर नगर मण्डल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला के नेतृत्व में तमिलनाडू के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन और उनके बेटे व मंत्री उदयनिधि स्टालिन का पुतला फूंक कर अपना आक्रोश प्रगट किया गया 7 इस अवसर पर भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने कहा कि समय समय पर इस प्रकार के लोगों के द्वारा हमारे सनातन धर्म पर कुठारा घाट किया जाता रहा है, लेकिन इनके कुत्सित कार्यो से हम थोडा भी डिगने वाले नहीं हैं, हिन्दू समाज इसे कभी बर्दास्त नहीं करेगा 7 इस अवसर पर भाजपा नगर मण्डल महामंत्री दीपक सिंह तोमर ने कहा कि सनातन हिन्दू धर्म को समाप्त करने की बात हास्यास्पद है, सनातन हिन्दू समाज को समाप्त करने की चाह रखने वाले मिट्टी में मिल गए, स्टालिन और उसकी औलाद ये समझ ले की विश्व के सभी धर्मो के आदर्श का मूलाधार ही सनातन हिन्दू धर्म है 7 इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष, मनोज गुप्ता, मधु चौदहा, विकास पाण्डेय, नकुल सोनकर, अजय प्रताप सिंह, मनीष सिंह, आलोक दुबे, दिनेश शुक्ला, रामप्रवेश पाण्डेय, सर्वेश तिवारी, संजीव वर्मा, शरद सिन्हा, मनोज सोनी, कमलेश तिवारी, अंशुल श्रीवास्तव, मुकेश अग्रवाल, विकास शुक्ला, निशान्त सिंह शोलू, संजय जायसवाल, सरिता जायसवाल, संगीता सोनी, दिव्याशु केशरी, सुशान्त घोस, सतीश शर्मा, भोलू सिंह, अंशुल अग्रहरि, सक्षम गुप्ता, बलेशवर राजवाड़े, मुनेशवर राजवाड़े, हर्ष जायसवाल, अमन गुप्ता, सत्यम साहू, अतिश सिंह, विमल मन्दिलवार, दुर्गा शंकर दास, मोन्टी यादव, रजनीश सिंह, उत्कर्ष कश्यप, राज यादव, ललित राजवाड़े, अटल यादव, शम्भु सोनी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए सभी के साथ काम करने को तैयार

नक्शा विवाद के बीच नरम पड़े चीन के तेवर

बीजिंग,05 सितम्बर 2023 । चीन ने जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए सभी के साथ काम करने को लेकर सहमति जताई है। चीन ने कहा कि उसने इस साल के जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी में भारत का समर्थन किया है। वह इस सप्ताह नई दिल्ली में होने वाले हाई-प्रोफाइल वैश्विक सम्मेलन की सफलता के लिए सभी पक्षों के साथ काम करने को तैयार है। हालांकि, शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की जगह प्रधानमंत्री ली क्विंग चीन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

चीन हमेशा जी 20 समूह को अहमियत देता है

मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा कि चीन हमेशा जी20 समूह को अहमियत देता है। वह प्रासंगिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से हिस्सा भी लेता है। उन्होंने 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले शिखर सम्मेलन पर कहा कि हम इस साल के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने में भारत का समर्थन करते हैं और जी20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी पक्षों के साथ काम करने के लिए तैयार हैं।

भारत के साथ काम करने के लिए तैयार

उन्होंने कहा कि जी20 अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है और चीन-भारत संबंध कुल मिलाकर स्थिर है। हमारे दोनों पक्षों ने विभिन्न स्तरों पर बातचीत और संपर्क बनाए रखा है। इससे दोनों देशों और दोनों देशों के लोगों के साझा हितों की पूर्ति होती है। हम द्विपक्षीय संबंधों को और बेहतर बनाने और आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए तैयार हैं।

भारत और चीन के बीच संबंधों में तनाव बरकरार

जून 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में झड़प के बाद से भारत और चीन के बीच संबंधों में तनाव है। पूर्वी लद्दाख में कुछ बिंदुओं पर भारत और चीन के सैनिकों के बीच तीन साल से अधिक समय से टकराव है। मामले को हल करने के लिए दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य वार्ता कर रहे हैं।

आसियान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे चीनी पीएम

इस बीच बताया जा रहा है कि चीन के प्रधानमंत्री ली पांच से आठ सितंबर तक इंडोनेशिया में आसियान शिखर सम्मेलन में चीन का प्रतिनिधित्व करेंगे। वह जकार्ता में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद भारत की यात्रा करेंगे।

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग-उन से मिलेंगे रूसी राष्ट्रपति पुतिन,रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

वॉशिंगटन,05 सितम्बर 2023 । उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच इस महीने मुलाकात हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह मुलाकात रूस में होगी और इस बैठक में हथियार सौदे को लेकर बातचीत होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, उत्तर कोरिया, रूस को यूक्रेन युद्ध के लिए हथियार सप्लाई कर सकता है। यह रिपोर्ट ऐसे वक्त आई हैं, जब अमेरिका ने बीते हफ्ते ही रूस को उत्तर कोरिया से गुप्त बातचीत को लेकर चेतावनी दी थी।

उत्तर कोरिया भी डील को लेकर उत्सुक

अमेरिका के नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रवक्ता एड्रियन वाटसन ने कहा कि हम पहले ही सार्वजनिक रूप से चेतावनी दे चुके हैं कि रूस और डीपीआरके के बीच हथियारों की डील को लेकर बातचीत हो रही है। दरअसल रूस, उत्तर कोरिया से लंबी दूरी की मिसाइलें खरीद सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उत्तर कोरिया भी इस डील को लेकर उत्सुक है। यही वजह है कि उत्तर कोरियाई तानाशाह किम जोंग उन, जो आमतौर पर देश से बाहर नहीं जाते हैं, वह इस महीने रूस का दौरा कर सकते हैं।

बीते साल भी उत्तर कोरिया ने रूस को सप्लाई किए थे हथियार

अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि उत्तर कोरिया ने बीते साल भी रूस को रॉकेट और मिसाइल की सप्लाई की है। जिनका इस्तेमाल वैगनर ग्रूप द्वारा किया गया था। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई सोइगु ने भी बीते महीने उत्तर कोरिया का दौरा किया था। बीते हफ्ते संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया और जापान ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा था कि कोई भी डील जो रूस और उत्तर कोरिया के बीच द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाती है तो उसे सुरक्षा परिषद प्रस्ताव का उल्लंघन माना जाएगा। गौरतलब है कि रूस ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया था।

कोर्ट ने सुनाई भारतीय मूल के व्यक्ति को पांच महीने की सजा, नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का आरोप

सिंगापुर,05सितम्बर 2023 । सिंगापुर में एक 51 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को एक साल पहले सुपरमार्केट में एक नाबालिक के साथ छेड़छाड़ के आरोप में पांच महीने जेल की सजा दी गई है। मीडिया के अनुसार स्थायी निवासी थानिक्कोडी शनमुगम को एक नाबालिग पर आपराधिक बल का प्रयोग कर उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने के मामले में दोषी ठहराया गया है।

कोर्ट में बताया गया कि 17 जुलाई 2022 को 12 वर्षीय नाबालिग अपने मां के साथ सेम्बवांग हाउसिंग प्रेसिंक्ट के सुपरमार्केट में गई थी, जब शनमुगम ने बच्ची को गलत तरीके से छुकर चला गया। लड़की ने अपनी मां को इसके बारे में बताया, जिसके बाद दोनों ने आरोपी का पीछा किया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

पीड़िता की मां जबतक पुलिस को कॉल करती आरोपी लिफ्ट में चढ़कर अपने फ्लैट की तरफ भाग निकला। हालांकि इस दौरान सड़क पर चल रहे लोगों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन आरोपी भागने में कामयाब रहा। लड़की की मां ने आरोपी की तस्वीर अपने फोन में खींच ली।

घटना वाले दिन पुलिस ने दोपहर को शनमुगम को गिरफ्तार करने में कामयाब रही। जांच के दौरान पहले आरोपी ने अपराध को यह कहकर नकार दिया कि उसे कुछ भी याद नहीं है। दरअसल घटना के दौरान आरोपी ने अधिक मात्रा में मादक पदार्थ का सेवन किया था। अदालत में अभियोजक ने आरोपी के लिए पांच से सात महीने जेल की सजा की मांग की।

नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के लिए शनमुगम को पांच साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों हो सकता था। हालांकि, उसकी उम्र 50 से अधिक होने की वजह से उसे बेंत से नहीं पीटा जा सकता है अन्यथा सिंगापुर में 50 से कम उम्र वालों के लिए यह कानून द्वारा अनिवार्य है।

अगले साल आम चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाने में जुटी लेबर पार्टी

भारतीय कंपनियों के योगदान की तारीफ की

लंदन,05 सितम्बर 2023 । ब्रिटेन में अगले साल आम चुनाव होने हैं। इससे पहले विपक्षी लेबर पार्टी मतदाताओं को लुभाने के प्रयास में जुट गई है। इसी कड़ी में उसने भारत जैसे देशों में भेजे जाने वाले धन (रेमिटेंस) पर लगने वाले छिपे हुए शुल्क पर लगाम लगाने का संकल्प लिया है।

विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास मामलों के छाया राज्य सचिव डेविड लैमी ने सोमवार शाम यहां कनेक्टिंग कम्युनिटीज समारोह की मेजबानी की। इस दौरान उन्होंने ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में भारतीय व्यवसाओं द्वारा किए गए योगदान को बड़ी सफलता की कहानी बताया। इस समारोह में महिलाओं और समानता के लिए छाया सचिव लेबर पार्टी की अध्यक्ष एनेलीज डोड्स भी मौजूद थीं, जिन्होंने व्यापार, कला, संस्कृति, भोजन, संगीत और सामुदायिक जुड़ाव में प्रवासी समुदायों के योगदान पर प्रकाश डाला।

लैमी ने कहा, टोरी विभाजनकारी सांस्कृतिक युद्धों में समुदायों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगली लेबर सरकार देश और विदेश में ब्रिटेन के विविध समुदायों के योगदान को महत्व देगी। उन्होंने कहा, प्रवासी समुदायों द्वारा भेजे गए धन से गरीबी और असमानता से लड़ने में प्रवासी समुदायों के सकारात्मक प्रभावों को अक्सर अनदेखा किया जाता है। इन भुगतानों पर महंगी छिपी हुई फीस ने ब्रिटेन में परिवारों पर वित्तीय दबाव डाला, जो पहले से ही जीवन यापन के लिए संघर्ष कर रहे थे। ब्रिटेन से जो धन लोगों के द्वारा अपने देशों में दोस्तों-परिवारों को भेजा जाता है, उसे यहां अंतरराष्ट्रीय हस्तांतरण (इंटरनेशनल ट्रांसफर) के रूप में परिभाषित किया जाता है। विश्व बैंक के अनुमान के मुताबिक, 2022 में इन भुगतानों का कुल मूल्य 10.7 अरब अमेरिकी डॉलर था। लेबर पार्टी के मुताबिक, छिपी हुई फीस पर सालाना लगभग आधा अरब पाउंड खर्च होने का अनुमान है, जो पहले से ही जीवनयापन की लागत के संकट से जूझ रहे ब्रिटेन में परिवारों पर अतिरिक्त दबाव डाल रहा है। उन्होंने कहा, अब हम ऐसे चरण में हैं जहां एक हजार से अधिक भारतीय कंपनियां ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में एक अरब से अधिक का योगदान दे रही हैं। यह एक बड़ी सफलता की कहानी है। अगर मुझे विदेश सचिव के रूप में सेवा करने का अवसर मिलता है, तो मैं व्यापार और उद्यम के अलावा प्रेषण (रेमिटेंस) से जुड़े मुद्दों को संबोधित करना चाहूंगा।

पाकिस्तान के ईसाइयों पर तेज हुए हमले,ईशनिंदा के आरोप में पादरी को मारी गोली;हालत गंभीर

इस्लामाबाद,05 सितम्बर 2023 । पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अज्ञात हमलावर ने एक पादरी को गोली मारकर घायल कर दिया। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है, जब कुछ सप्ताह पहले ईशनिंदा के आरोप में भीड़ चर्चों और गिरिजाघरों पर हमला कर दिया था और उन्हें जला दिया था।

फैसलाबाद जिले की जारनवाला तहसील में म्योंग-सांग नासर्थ चर्च में काम करने वाले पादरी एलियाजर विक्की रविवार शाम को चर्च से घर लौट रहे थे, तभी उनकी हत्या का प्रयास किया गया।

मामले को लेकर पुलिस ने कहा कि एलियाजर चर्च से घर लौट रहे थे, जब एक अज्ञात दाढ़ी वाले शख्स ने उन्हें गोली मारकर घायल कर दिया। उन्हें ले जाया गया, जहां एक डॉक्टर ने उनका ऑपरेशन किया और उनके दाहिने हाथ से एक गोली निकाली। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस अधिकारी नवीद अहमद ने पत्रकारों को बताया कि पादरी की शिकायत पर अज्ञात संदिग्धों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा, हमने पादरी एलियाजार की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किया है और कुछ संदिग्धों को पकड़ा है। अहमद ने कहा कि गिरजाघरों की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है।

पादरी ने पुलिस को दिए अपने बयान में कहा कि चर्च की बाहरी दीवार पर अरबी में एक आपत्तिजनक धार्मिक नारा लिखा हुआ था। इसके अलावा, उसे ईशनिंदा करने वालों में शामिल बताया गया था। उन्होंने कहा, मैंने पुलिस को इसके बारे में बताया लेकिन उसने इस मामले पर लीपापोती की। कुछ दिन पहले जब मैं अपने बेटे को स्कूल छोड़ने गया, तो दाढ़ी वाले कुछ लोगों ने मुझे रोका और कहा-%जैसा कि हमारे लिखे नारे आपके चर्च की दीवार से हटा दिए गए हैं, जल्द ही आपको भी हटा दिया जाएगा।पादरी ने संदेह जताया कि उन पर हमले के पीछे किसी कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी का हाथ हो सकता है।

मस्क ने ट्विटर से पराग अग्रवाल को क्यों दिखाया था बाहर का रास्ता,सामने आई बड़ी वजह

वाशिंगटन,05 सितम्बर 2023 । एलन मस्क ने पिछले साल ट्विटर की कमान संभालते ही सीईओ पराग अग्रवाल को बर्खास्त कर दिया था। अब इस बर्खास्तगी से जुड़ी कुछ बातें सामने आई हैं। हाल ही में, एक नई किताब में खुलासा किया गया है कि मस्क ने अग्रवाल को नौकरी से इसलिए निकाला था, क्योंकि उन्हें लगता है कि वह आग उगलने वाले ड्रैगन नहीं थे।

जीवनी पर आधारित पुस्तक में खुलासा

दरअसल, वाल्टर इसाकसन ने अरबपति की जीवनी पर आधारित एक पुस्तक लिखी है, जिसका शीर्षक उन्हीं के नाम पर रखा है। यह 12 सितंबर को प्रकाशित होने वाली है। इस किताब के कुछ अंश एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किए गए हैं।

पिछले साल हुई थी मस्क और अग्रवाल की मुलाकात

इसमें पिछले साल मार्च में एलन मस्क और पराग अग्रवाल की मुलाकात के बारे में बताया गया है। इस मुलाकात के दौरान एलन मस्क ने बताया था कि पराग अग्रवाल में क्या कमी थी। इस मुलाकात से कुछ दिन पहले 14 अप्रैल को मस्क ने कंपनी को खरीदने के लिए ट्विटर को एक प्रस्ताव दिया था। बाद में 27 अक्टूबर को 44 अरब डॉलर में सौदा तय हुआ था।

यह है पराग में कमी

इस बैठक को लेकर किताब में बताया गया है कि मस्क ने तत्कालीन ट्विटर सीईओ से मुलाकात करने के बाद कहा कि वह वास्तव में बहुत अच्छे हैं, लेकिन उसमें एक कमी के चलते उन्हें बतौर मैनेजर पसंद नहीं किया जा सकता है। ट्विटर को आग उगलने वाले ड्रैगन की जरूरत है और पराग में वह बात नहीं है। कंपनी के तत्कालीन बोर्ड अध्यक्ष ब्रेट टेलर तीसरे व्यक्ति थे जो इस बैठक में शामिल हुए थे।

वर्तमान में ट्विटर का सीईओ

पराग अग्रवाल को बर्खास्त करने के बाद मस्क ने खुद सीईओ का पद संभाला था। बाद में, जून में लिंडा याकारिनो को इस पद पर नियुक्त किया गया था। वह मौजूदा मुख्य कार्यकारी हैं। इसके अलावा, जुलाई में सैन फ्रांसिस्को मुख्यालय वाली कंपनी का नाम बदलकर एक्स कॉर्प कर दिया गया।

अमेरिका में कीचड़ में फंसे हजारों लोग, बर्निंग मैन फेस्टिवल के लिए इकट्ठा हुए थे

वॉशिंगटन,05 सितम्बर 2023 । अमेरिका के नेवादा राज्य में मशहूर बर्निंग मैन फेस्टिवल के दौरान हजारों लोग कीचड़ में फंस गए हैं। दरअसल बर्निंग मैन फेस्टिवल के लिए इकट्ठा हुए लोग उस वक्त परेशानी में घिर गए, जब नेवादा में भारी बारिश हो गई। इसके चलते रास्ते और फेस्टिवल आयोजन की जगह, सब जगह कीचड़ हो गई। इसके चलते कई दिनों तक लोग फंसे रहे।

भारी बारिश ने बिगाड़े हालात

अमेरिका के नेवादा राज्य में हर साल बड़ी संख्या में लोग बर्निंग मैन फेस्टिवल में शामिल होने के लिए इकट्ठा होते हैं। यह एक सांस्कृतिक कार्यक्रम है और नेवादा के रेगिस्तानी इलाके ब्लैक रॉक सिटी में इसका आयोजन होता है। 27 अगस्त को इस फेस्टिवल का आयोजन शुरू हुआ। हालांकि शनिवार को आयोजन के दौरान लगातार 24 घंटे की मूसलाधार बारिश ने आपदा जैसे हालात बना दिए। बारिश के चलते रेत में कीचड़ हो गया। इसके चलते लोग वहां से ना निकल पाए और कई दिनों तक वहीं फंसे रहे। इवेंट ऑर्गेनाइजर्स ने बताया कि अब सोमवार को थोड़े हालात बेहतर होने के बाद लोगों को धीरे-धीरे निकाला जा रहा है। हालांकि लोगों को एक साथ ना निकलने की सलाह दी गई है ताकि सड़कों पर जाम ना लगे।

क्या है बर्निंग मैन फेस्टिवल

बर्निंग मैन फेस्टिवल के दौरान लोग रेगिस्तान में कैंप लगाकर कई दिनों तक रहते हैं। फेस्टिवल के दौरान लोग अपने मोबाइल फोन, अन्य इलेक्ट्रिक गैजेट्स और अन्य सुख सुविधाओं से दूर पारंपरिक नाच गाने और गीत-संगीत का लुत्फ लेते हैं। वहीं कीचड़ के हालात को देखते हुए इलाके में सभी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। 1990 में शुरू हुए बर्निंग मैन फेस्टिवल में अब हर साल हजारों लोग इकट्ठा होते हैं। इस साल यह आंकड़ा करीब 70 हजार रहा।

इज़राइल ने अगली सूचना तक गाजा से माल का निर्यात रोका

गाजा,05 सितंबर 2023 । फिलिस्तीनी सूत्रों के अनुसार, इजरायली अधिकारियों ने कहा है कि वह मंगलवार से अगली सूचना तक गाजा पट्टी से माल का निर्यात रोक देंगे।

इजरायल ने फिलिस्तीनी प्राधिकरण द्वारा संचालित समन्वय आयोग को सूचित किया कि सभी वस्तुओं को केरेम शालोम सीमा पार से निर्यात से रोका जाएगा, जो क्षेत्र में एकमात्र वाणिज्यिक सीमा है।

सूत्रों के अनुसार, इजराइल द्वारा क्रॉसिंग पर विस्फोटक सामग्री की तस्करी के प्रयास को विफल करने के बाद यह निर्णय लिया गया।

फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इजरायली सरकार की गतिविधियों के समन्वयक घासन अलियान ने कहा, इससे पहले , गाजा से कपड़े ले जा रहे एक ट्रक में छिपाकर रखी गई विस्फोटक सामग्री की तस्करी के प्रयास को क्रॉसिंग पर विफल कर दिया गया था।उन्होंने कहा, तस्करी के प्रयास के बाद इजरायली अधिकारियों ने गाजा से इजरायल और वेस्ट बैंक में माल की शिपिंग रोकने का फैसला किया।एलियान ने कहा, पट्टी में आर्थिक स्थिति पर निलंबन के संभावित नकारात्मक प्रभावों के बावजूद, इजराइल आतंकवादियों को गाजा में नागरिक और मानवीय क्षेत्र का शोषण करने की अनुमति नहीं देगा।

इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) द्वारा संचालित आर्थिक मंत्रालय ने एक प्रेस बयान में फैसले की निंदा करते हुए कहा, यह गाजा में मानवाधिकारों का उल्लंघन है।

37 हजार एलियन प्रजातियों से इंसानों-प्रकृति को सबसे ज्यादा खतरा,हर साल 423 अरब डॉलर का नुकसान

वॉशिंगटन,05 सितम्बर 2023 । एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि विदेशी प्रजातियों (जो प्रजाति स्थानीय नहीं है और विभिन्न माध्यमों से नई जगह पहुंची है) से पृथ्वी की जैव विविधता को भारी नुकसान पहुंचाया है। हालात ये हैं कि इन विदेशी प्रजातियों की वजह से दुनिया के पेड़-पौधों और जानवरों की 60 प्रतिशत प्रजातियां विलुप्ति हो चुकी हैं। यह रिपोर्ट एक अंतर सरकारी संस्था इंटरगवर्नमेंटल प्लेटफॉर्म ऑन बायोडायवर्सिटी एंड इकोसिस्टम सर्विसेज द्वारा प्रकाशित की गई है। इस रिपोर्ट को एसेसमेंट रिपोर्ट ऑन इनवेसिव एलियन स्पीसीज एंड देयर कंट्रोल% नाम दिया गया है।

दुनिया में 37 हजार विदेशी प्रजातियां मौजूद दुनिया में अभी तक 37 हजार विदेशी प्रजातियों के बारे में पता चला है। इनमें पेड़-पौधों और जानवरों दोनों की प्रजातियां शामिल हैं। इनमें से 3500 से ज्यादा विदेशी प्रजातियां ज्यादा आक्रामक पाई गई हैं। यह रिपोर्ट सोमवार को जारी की गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि जैव विविधता के वैश्विक नुकसान, जीवों के शोषण, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, जमीन और समुद्र के इस्तेमाल में बदलाव के लिए विदेशी प्रजातियां भी एक अहम कारक हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि विदेशी प्रजातियां सदियों से दुनिया के सभी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही हैं लेकिन हाल के सालों में इसमें अभूतपूर्व तरीके से तेजी आई है। इसकी वजह इंसानों के बहुत ज्यादा एक जगह से दूसरी जगह यात्रा करने, व्यापार और वैश्विक अर्थव्यवस्था के विस्तार प्रमुख कारण हैं।

वैश्विक अर्थव्यवस्था को विदेशी प्रजातियों से हर साल 423 अरब डॉलर का नुकसान

दुनिया में 6 फीसदी पेड़-पौधे, 22 प्रतिशत अकशेरुकी जीव, 14 प्रतिशत कशेरुकी जीव, 11 प्रतिशत सूक्ष्म जीव विदेशी हैं और प्रकृति और इंसानों के लिए खतरनाक हैं। जलकुंभी दुनिया की सबसे व्यापक आक्रामक विदेशी प्रजाति है। इसके अलावा लैंटाना, फूलदार झाड़ी और काला चूहा भी व्यापक रूप से दुनिया में फैली विदेशी प्रजातियां हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 1970 के बाद वैश्विक व्यापार और मानव यात्रा में बढ़ोतरी की वजह से विदेशी प्रजातियों की वार्षिक लागत बढ़कर चार गुना हो गई है। 2019 में, आक्रामक विदेशी प्रजातियों से वैश्विक अर्थव्यवस्था को करीब 423 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान हुआ है। आने वाले समय में विदेशी प्रजातियों के आक्रमण में तेजी आने की आशंका है। तापमान में वृद्धि और जलवायु परिवर्तन इसमें तेजी ला सकते हैं।

मनेंद्रगढ़ में सरकारी शराब नहीं एमपी की शराब बिकती है ज्यादा,होटल में सरकारी शराब नहीं...एमपी की शराब पिने की अनुमतिःसूत्र

भाजपा के मण्डल अध्यक्ष का भी ऑडियो क्लिप वायरल हुआ जिसमें अवैध कारोबारी को संरक्षण मिलने की पुष्टि,क्या अनुशासित माने जाने वाली बीजेपी कर पाएगी कार्यवाही?

बैठक तो हुई पर कार्यवाही की खबर नहीं आई बल्कि अवैध कारोबार के खिलाफ आवाज उठाने वाले भाजपा नेता के खिलाफ ही कार्यवाही करने की मांग अंदर खाने में हो रही...

वर्तमान विधायक अपने राजनीतिक फायदे के लिए अपने ही आदमी का ऑडियो वायरल करके उसके अवैध व्यापार की बाजा बजा दी...

भाजपा के भ्रष्टाचार की बारात का जवाब क्या कांग्रेस ने भाजपा के मंडल अध्यक्ष के अवैध कारोबार में सम्मिलित होने के ऑडियो को प्रसारित कर के दिया?

क्या नवीन एमसीबी जिले में अवैध कारोबार पक्ष व विपक्ष के नेताओं के संरक्षण में हो रहा है संचालित?

दो बोतल शराब के साथ एक लाख रुपए लेने देने वाले ऑडियो क्लिप का किया हुआ था प्रसारण

मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने हल्दीबाड़ी के पंजाब नेशनल बैंक के पास गुरुवार की संध्या पत्रकार वार्ता कर स्थानीय भाजपा के चिरमिरी मण्डल अध्यक्ष रघुनंदन यादव एवं पूर्व मंडल महामंत्री राजेश सिंह उर्फ़ मुन्नू सिंह का एक ऑडियो क्लिप जारी करते हुए भाजपा नेताओं के ऊपर कोल माफिया से सांठगांठ कर उनसे बड़ी रकम की उगाही के साथ दो बोतल शराब की व्यवस्था लेने का आरोप लगाया है। आडियो क्लिप में भाजपा के चिरमिरी मण्डल अध्यक्ष रघुनंदन यादव साफ तौर पर कोयला माफिया से 2 लाख रुपये की मांग करते नजर आ रहे है। वही कोयला माफिया द्वारा पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल को एक लाख रुपये का भुगतान कर देने की बात कही जा रही है। इसी आडियो क्लिप में भाजपा के मण्डल महामंत्री उक्त कोल माफिया से दो बोतल शराब की मांग करते हुए भी नजर आ रहे है। इस आडियो क्लिप के जारी होने के बाद से पूरे मनेन्द्रगढ़ विधानसभा में हड़कंप मच गया है। मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जयसवाल कहना है की कल तक जो भाजपा के नेता कांग्रेस के विधायक के ऊपर खुलेआम भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे थे उनकी सावन पर्व में बरात तक निकाली थी, अब ही नेता इस मुद्दे पर मुह छिपाते क्यों फिर रहे है? और कोई भी बयान देने से बच रहे है। इस ऑडियो क्लिप में साफ तौर पर देखा जा रहा है की बात चीत करने वाले दोनों व्यक्ति कौन है, चिरमिरी के लगभग सभी प्रचलित चौक चौराहो से लेकर हर पान ठेले, चाय की दुकान सार्वजनिक स्थल इस बात को जानता है की ऑडियो क्लिप में बात करने वाले की आवाज शहर के किस व्यक्ति से मेल खा रही है। इस ऑडियो क्लिप में स्वयं वर्तमान भाजपा मंडल के अध्यक्ष पूर्व विधायक श्यामबिहारी जायसवाल का नाम लेते दिख रहे है और वह खुद भाजपा मंडल को पैसे देने की बात कर रहे है। बहरहाल आगामी दो से तीन माह के पूर्व होने वाले विधानसभा चुनाव में ऊठ किस करवट बैठेगा ये तो पता नहीं पर कोल नगरी में उसकी तस्करी कर अपने कपड़ो के साथ अपनी जेबौ में भी कालिक लगाने वाले बड़े बड़े नेताओं अब अपना मुंह छुपाते फिर रहे है।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा प्रदीप सलूजा ने जिलाध्यक्ष भाजपा एमसीबी को मामले में कार्यवाही करने लिखा पत्र

इसी बीच भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप सालुजा ने भाजपा जिलाध्यक्ष एमसीबी को एक पत्र लिखा है और उन्होंने मामले में जो जारी हुए ऑडियो से जुड़ा हुआ है में कार्यवाही की मांग की है,उनका पत्र में अनुरोध है जिलाध्यक्ष से की चूंकि चुनावी वर्ष है और इस दौरान जारी ऑडियो जिसमे पार्टी के ही जिम्मेदार पद पर बैठे नेता की आवाज वायरल हुई है जिसमे अवैध कोयला कारोबारी के साथ उनके सांठगांठ की बात समाने आ रही है जिससे पार्टी की छवि धूमिल हो रही है,उन्होंने जिलाध्यक्ष से मांग की है की जारी ऑडियो की सच्चाई की जांच कराकर अपने स्तर पर कार्यवाही करें जिससे पार्टी की छवि खराब न हो क्योंकि चुनावी वर्ष होने के कारण पार्टी को नुकसान न हो,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप सलूजा के पत्र से अब एक बात तो स्पष्ट हो गई है की पार्टी ने और पार्टी के पदाधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया है और उन्हे भी लग रहा है की चुनावी वर्ष में जारी ऑडियो निश्चित रूप से पार्टी को नुकसान पहुंचाने वाला साबित हो सकता है।

-रवि सिंह-
चिरमिरी,05 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।भारतीय जनता पार्टी मनेंद्रगढ़ विधानसभा में वर्तमान विधायक को घेरने में कोई भी कसर नहीं छोड़ी थी, वर्तमान विधायक के भ्रष्टाचार की पूरी पोल ही खोल के लोगों के सामने रख दी थी, जिसका जवाब सत्ता पक्ष के विधायक अच्छी तरीके से नहीं दे पाए थे पर इस बार सत्ता पक्ष के विधायक ने भाजपा को जवाब देने के लिए एक भाजपा नेता के ऑडियो क्लिप का इस्तेमाल किया,जिसमें मण्डल अध्यक्ष अवैध कारोबारी के साथ सांठगांठ की बात करते नजर आए, यह पहला मौका था जब सत्ता पक्ष के विधायक ने भाजपा के नेताओं की बोलती बंद

घटती घटना
मनेन्द्रगढ़ विधानसभा अरसा ही चल रही राजनीति पक्ष विपक्ष एक आरोप प्रत्यारोप जारी
क्या मनेन्द्रगढ़ के पूर्व व वर्तमान विधायक एक दूसरे की छवि धूमिल करने की कर रहे प्रतिस्पर्धा?

कर दी थी, बीच सड़क पर प्रोजेक्टर लगाकर सभी लोगों को भाजपा नेता का करतूत दिखाया कि किस प्रकार अवैध कारोबारी से पैसे लेकर संरक्षण दिया जाता था। आवाज भी किसी और कि नहीं भाजपा के मंडल अध्यक्ष रघुनंदन यादव की बताई जा रही है, अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या अनुशासित पार्टी बीजेपी ऐसे नेताओं पर कार्रवाई करेगी? जिसे लेकर जिलाध्यक्ष ने एक बैठक भी ली थी पर सूत्रों की माने तो बैठक में भी कार्यवाही न होने की सेटिंग चल रही थी, कोई कह रहा था कि इस पर कार्यवाही होगी तो उस पर भी हो...उस पर होगी तो...उस पर भी हो, जिस भाजपा नेता ने खुलकर अवैध कारोबारियों के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी थी उसी को ही पार्टी से हटाने की कवायद शुरू हो गई है, जिसमें प्रदीप सलूजा का नाम आ रहा है कि उन्हें भी पार्टी से निकाला जाए क्योंकि वह सोशल मीडिया में खूब लिखते हैं पर यह गौर करने वाली बात है इकलौता भाजपा नेता था जो अवैध कारोबारियों के खिलाफ मुहिम छेड़ रखे थे पूरे मामले में।

क्या भाजपा एक दो प्रदर्शन कर के कमीशन का रेट बढ़ा रही थी ?

एक भाजपा के नेता ने कहा की अनुशासित भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व अब कार्यकर्ताओ को ये बात स्पष्ठ रूप से बताये की कोयला-कबाड़-सट्टा का विरोध करना है या नहीं, क्योकि सिर्फ रेट बढ़ाने के लिए एक दो प्रदर्शन नाम मात्र के साढ़े चार साल में हुए है, भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओ को गेम बाज़ नेताओं के चुगल में फस कर अवैध कारोबार का रुख कर रहे है, क्या साढ़े चार साल वर्तमान विधायक की जितनी भी कमियां थी वो अभी अभी कैसे जागृत हुई है, आज गेम बाज़ नेताओ की चाल बाज़ी को छोटा और पार्टी के लिए मर मिटने वाला कार्यकर्ता समझ नही पाता और निश्छल होकर सत्ता पक्ष के खिलाफ आवाज उठाता है और बड़े नेता बनकर कबाड़ियों कोयला माफिया से सिर्फ अपना रेट बढ़वाते है और कार्यकर्ता ठगा सा रह जाता है, हद्द तो तब हो जाती है जब पार्टी के एजेंडे के आधार पर कोई कार्यकर्ता कबाड़ियों या कोयला माफिया का विरोध करके उस काम को बंद करवा देता है तो माफिया का दुश्मन तो कम बनता है आप बड़े गेम बाज़ नेताओ का बहुत बड़ा दुश्मन बन जाता है, और उसकी जान आफत में आ जाती है, एक भाजपा नेता का यह नही आरोप है की बोतल शराब मांगने वाले कहते है कि जैसा किया है वैसा भोगेगा, कार्यकर्ता अपनी जान मरवाने के लिए पार्टी के आदेश के साथ गद्दारी करने वाले नेताओं से क्यो ना सतर्क रहें? एक नेता ने अपने कार्यकर्ता बंधुओ से हाथ जोड़कर विनती किया की सोच समझ कर कबाड़ियों या कोल माफिया के खिलाफ आवाज उठाइयेगा, क्योंकि वायरल ऑडियो में माफिया जब एक शराब मांगने वाले से कह रहा है कि फलाने नेता ज्ञापन देने के लिए कह रहा था तो दारू का लालची नेता कैसे बोल रहा है, क्यो की लंबी रकम के लेन देन की बात भी आप ऑडियो में सुन ही लिए होंगे और कोई भी कार्यकर्ता चाहे उसकी माँ जिंदा हो या स्वर्गवासी हो गयी हो उसे भी गन्दी गन्दी गाली बकेगा क्या दो बोतल मांगने वाला शराबी किसी की स्वर्गीय माँ को गाली देने लगेगा? ऐसे नेता शराब के लिए पार्टी को गिरवी रख देंगे लेकिन आपकी सुरक्षा नही करेंगे।

विधायक ने अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने अपने ही खास का ऑडियो कर दिया वायरल

पूरे मामले में वर्तमान विधायक की तरफ से उनके प्रतिनिधि ने ऑडियो वायरल किया है,ऑडियो में जो आवाज एक तरफ है वह भाजपा नेताओं की यदि है तो एक तरफ जो आवाज है वह विधायक के ही एक खास की है जिसका की उपयोग पूरे मामले में विधायक ने किया है,अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने विधायक ने अपने ही खास की ऑडियो इसलिए वायरल की जिससे पूर्व विधायक व विपक्ष की छवि धूमिल हो सके क्योंकि उनकी छवि धूमिल करने में भाजपाई सफल हो चुके थे और नवीन जिले में अवैध कारोबार का मामला सभी ने स्वीकार्य भी कर लिया था की वर्तमान सरकार में काफी जोर शोर से जारी है और उसी का बदला यह ऑडियो साबित हुआ जिसमे यह साबित हुआ की यदि वर्तमान अवैध कारोबार में शामिल हैं तो पुर्व भी हिस्सा ले रहे हैं बराबर ले रहें हैं।

क्या राजनीति में नेता किसी की भी बलि चढ़ाने से नहीं कतराते?

जिस व्यक्ति की ऑडियो वायरल हुई जिसने भाजपा नेताओं का पोल खोला वह एक कोयला चोर है जो साबित भी होता है उसकी बातों से वहीं दूसरी तरफ की आवाज भाजपा नेताओं की बताई जा रही है जो चोर की चोरी में सहयोगी रहते चले आ रहे थे,अब जिस कोयला चोर की आवाज है ऑडियो में उसको लेकर यह भी कहा जाता है की वह वर्तमान का करीबी है,अब सोचने वाली बात यह है की और विचार करने की बात यह है की क्या अपने किसी चहेते का भी उपयोग जब चाहे राजनीति में राजनेता कर सकते हैं उसे बली का बकरा बना सकते हैं।वैसे ऑडियो में जिस कोयला चोर की आवाज है वह स्वीकार कर रहा है की कारोबार अच्छा चला ही नहीं चला रुका चला और रुका वह परेशान हुआ पक्ष विपक्ष की राजनीति से । वैसे पूरे मामले में एक विचित्र विडंबना समझ में आई की कानून नेताओं के बीच किस कदर मजबुर है अब चोर चोरी की बात पूरी सीनाजोरी से मोबाइल में कर रहें हैं ऑडियो रिलीज हो रहा और पुलिस हेट स्पीच तलाश रही है सोशल मीडिया में जबकि यहां गिरफ्तारी कर ऑडियो के दोनो पक्षों को वह यदि पूछताछ करती कई नए राज सामने आते।

अवैध कारोबारी के लिए पक्ष और विपक्ष दोनों को अपने पक्ष में करना जरूरी

अब कथित कोयला चोर जिसकी ऑडियो वायरल हुई है वह वर्तमान सरकार दोबारा चुनी गई तो जरूर मजे में रहेगा लेकिन यदि वर्तमान का विपक्ष सत्ता में आया तो वह परेशान हो जाएगा यह कहा जा सकता है। किसी चोर के लिए सभी के बीच तालमेल बिठाकर चलना जरूरी होता है लेकिन ऑडियो में एक चोर ने एक दल विशेष के नेताओं की पोल खोल दी है जो साबित भी हो रहा है आवाज सुनकर की उस दल के नेता चोर को चोरी करने देने की एवज में कमीशन की बात कर रहें हैं।

विधायक ने दवाब पूर्वक हासिल किया अवैध कारोबारी से ऑडियो

बताया जा रहा है की जो ऑडियो वायरल हुआ है वह विधायक ने दबाव पूर्वक कोयला चोर से हासिल किया है,मामले में यह भी सवाल उठता है की कौन क्या चुराता है सभी कुछ जनप्रतिनिधि जानते हैं और सबकुछ स्वार्थ की वजह से उनके मन में दफ्न है।

क्या नवीन जिले एमसीबी में सत्ताधारी दल और विपक्षी दल भाजपा मिलकर चला रहे अवैध कारोबार का व्यापार?

एमसीबी जिले के चिरमिरी के भाजपा नेता और अवैध कोयला कारोबारी का जारी ऑडियो जो वायरल हुआ है को यदि पूरा सुना और समझा जाए और यदि यह सत्य है जैसा सत्ताधारी दल साबित कर रहा है तब एक बात तो स्पष्ट हो जाति है की जिले में अवैध कारोबार सत्ताधारी दल और विपक्ष दोनों की मिलीभगत से चल रहा है, क्योंकि ऑडियो वायरल करने वाले सत्ताधारी दल के हैं और यदि उन्हे मालूम था की अवैध कारोबार हो रहा है तो उन्होंने ऑडियो बनाने की बजाए संबंधित अवैध कारोबारियों भाजपा नेताओं पर कानूनी कार्यवाही क्यों नहीं कराई यह बड़ा सवाल है। कुल मिलाकर ऑडियो यह साबित कर रहा है की सब कुछ सभी की जानकारी में हो रहा है और सभी का अपना अपना हिस्सा है।

अधिवक्ता शाहिद महमूद के नेतृत्व में जनता कांग्रेस ने चिरमिरी थाने में ज्ञापन देकर किया विधायक द्वारा जारी ऑडियो क्लिप पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय को पार्टी पृथक से करेगी शिकायत

-रवि सिंह-
चिरमिरी 05 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)। जनता कांग्रेस के संस्थापक सदस्य एवं प्रदेश महासचिव अधिवक्ता शाहिद महमूद के नेतृत्व में जनता कांग्रेस (जे) ने चिरमिरी थाने में ज्ञापन देकर मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल द्वारा हल्दीबाड़ी में भ्रष्टाचार के विरुद्ध खुला प्रेस कांफ्रेंस कर आडियो क्लिप जारी करने पर आडियो क्लिप में सम्मिलित सभी लोगों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

अपने ज्ञापन में अधिवक्ता शाहिद महमूद ने कहा है कि 31 अगस्त 2023 को मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्र. 02 के विधायक डॉ. विनय जायसवाल के द्वारा इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं पार्षदों के साथ हल्दीबाड़ी में बड़ा एल.ई.डी. लगाकर भ्रष्टाचार की खुली प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए एक ऑडियों बड़े एल.ई.डी. में प्रदर्शित किया, जिसमें यह बताया गया कि क्षेत्र के नेता किस तरह कोयला कारोबार एवं कोयले की दलाली से जुड़े हुए है। इस ऑडियों के समाचार को राष्ट्रीय प्रादेशिक तथा स्थानीय समाचार पत्रों एवं टी. व्ही. चैनलों पर प्रमुखता से दिखाया गया है। उक्त ऑडियों जो एल.ई.डी. में प्रसारित की गई उसमें काम चालू हुआ तथा इसमें रुपयों के लेन-देन एवं शराब के संबंध में आपस में बात हो रही है। एल.ई.डी. में आडियों के साथ जो तस्वीर और शब्द दिख रहे है उसमें तथाकथित व्यक्ति रघुनंदन यादव एवं कोयला व्यापारी जिसका फोटो नहीं है, राजेश

सिंह मुन्नू और श्याम बिहारी जायसवाल की भी तस्वीर दिख रही है। उक्त ऑडियों को प्रेस कांफ्रेस में यह बताया गया है कि ये लोग कोयले के व्यापार एवं दलाली से जुड़े हुए लोग है, ये भ्रष्टाचार की खुली प्रेस कांफ्रेस है।

शाहिद महमूद ने अपने ज्ञापन में आगे कहा है कि चिरमिरी क्षेत्र में कोयला की खदाने कोल इंडिया की है तथा कोयला एक राष्ट्रीय सम्पत्ति है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने चिरमिरी में चल रहे कोयले के अवैध कारोबार की रोकथाम के लिए पूर्व में भी थाना प्रभारी चिरमिरी को पत्र दिया था। जिस तरह से स्थानीय और जिम्मेदार जन प्रतिनिधि माननीय डॉ. विनय जायसवाल जो मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्र. 02 से कांग्रेस के प्रत्याशी थे परन्तु चुनाव जीतने के बाद वे सम्पूर्ण मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक है और उन्होंने ही भ्रष्टाचार की खुली प्रेस कांफ्रेस करकर इसे कोयले की दलाली और भ्रष्टाचार से जोड़कर बताया है। ज्ञापन में आगे कहा गया है कि हम सभी अधोहस्ताक्षरकर्ता मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के निवासी है तथा इस प्रेस कांफ्रेस के द्वारा जो ऑडियो जारी किया गया है। ऑडियों के तथ्य जो है वह चिरमिरी क्षेत्र के कोयला की दलाली से संबंधित है जिसमें कोयला कारोबारी सहित अन्य नेताओं का भी नाम एल.ई.डी. में प्रदर्शित किया गया है। निश्चित रूप से उक्त ऑडियों में कोयला कारोबारी का नाम नहीं है तथा उसे सिर्फ उक्त ऑडियों के एल.ई.डी. में कोयला कारोबारी नाम से संबोधित किया गया है। इस कोयला कारोबारी को भी जानना अति आवश्यक है। इस ऑडियों में 2 लाख रुपये और शराब लेने-देने की भी बात हो रही है। ज्ञापन में आगे कहा गया है कि कोयला राष्ट्र की सम्पत्ति है परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि इस क्षेत्र में जो पहले से कोयले के अवैध कारोबार संचालित था उन अवैध कारोबारियों के छोटे लोगो पर जो मजदूरी करते हैं उन पर कार्यवाही हुई है, परन्तु कोयला माफियाओं पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है, इस ऑडियों से यह बात स्पष्ट हो गया है कि इस कोयले के अवैध कारोबार में बड़े राजनैतिक घराने एवं बड़े रसूखदार कारोबारी भी संलिप्त है तथा जिस तरह से लगभग चार साढ़े चार सालों से इस क्षेत्र में जो कोयले के अवैध कारोबार चल रहे है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि यह मामला सिर्फ लाख-दो लाख रूपये किसी एक नेता को देने या पहुंचाने की नहीं है बल्कि राष्ट्रीय सम्पत्ति कोयला का अवैध धंधा करोड़ो और अरबो रुपये की है जिसकी तह तक जाना और जांच करना अति आवश्यक है ताकि इनके उपर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जा सके। ज्ञापन में आगे कहा गया है कि भ्रष्टाचार की खुली प्रेस कांफ्रेस में जिस तरह से क्षेत्रीय विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने जो ऑडियों जारी किया है उस ऑडियों के मूल डिवाईस को तत्काल चिरमिरी पुलिस जप्त करे तथा उक्त डिवाईस अथवा मोबाईल के आई. एम. ई. आई. नंबर के आधार पर उक्त मोबाईल डिवाईस पर किस किस नंबर का सिम लगाकर किस-किस से बातें हुई है साथ ही इस डिवाईस से किये गये ट्रांजेक्शन की भी जानकारी एकत्र करना आवश्यक है। उक्त डिवाईस एवं मोबाईल को जप्त किये जाने से चिरमिरी क्षेत्र के अरबो के कोयला के अवैध कारोबार का भी पूरा खुलासा सामने आ जायेगा। ज्ञात हो कि चिरमिरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर छोटी छोटी खदानों के शक्ल में कोयला उत्खनन किया जा रहा था जिसे पुलिस तथा एसईसीएल के अधिकारियों के द्वारा उक्त स्थान में जाकर खदानों को बंद किया गया था । उक्त मोबाईल डिवाईस को यदि समय रहते जप्त नहीं किया गया तो उसे कोयले के अवैध कारोबारी के द्वारा नष्ट किया जा सकता है। जनता कांग्रेस ने चिरमिरी थाना प्रभारी से मांग करते हुए कहा है कि उक्त भ्रष्टाचार की खुली प्रेस कांफ्रेस में जारी ऑडियों के मूल डिवाईस को जप्त कर उसकी सूक्ष्म जांच कर संबंधित लोगो पर प्रकरण दर्ज करें । साथ ही यदि आवश्यक हो तो मामला सी.बी.आई. अथवा प्रवर्तन निदेशालय को अग्रेषित करें इसके लिए पार्टी पृथक से उक्त जांच एजेंसियों को शिकायत करेगी। कोयला केन्द्रीय सूची का मामला है तथा कोयला की सम्पत्ति अरबो रूपये की है इसलिए प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) से जांच कराना आवश्यक है। उक्त ऑडियों को हम लोगो अर्थात जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के पदाधिकारियों ने भी देखा-सुना है इसलिए हम हितबद्ध पक्षकार के रूप में रिपोर्ट कर रहे है। जारी किये गये भ्रष्टाचार की खुली प्रेस कांफ्रेस में जो ऑडियों जारी हुआ है, वह हल्दीबाड़ी में हुआ है जो चिरमिरी थाना के क्षेत्रांतर्गत आता है । जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) मांग करती है कि उक्त भ्रष्टाचार की खुली प्रेस कांफ्रेस में जारी आडियों के मूल डिवाईस को जप्त कर संलिप्त लोगो के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाये। ज्ञापन देने में प्रमुख रूप से जनता कांग्रेस के संस्थापक सदस्य एवं प्रदेश महसचिव अधिवक्ता शाहिद महमूद के साथ फणिंद्र हमाम मिश्रा (ग्रामीण जिला अध्यक्ष), अजीत जोगी युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सानू जॉन्सी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष उदय सिंह, नगर अध्यक्ष रोनी प्रताप अधिकारी तिलकेश्वर चौहान, आकाश, बाबू, दीपक, फैजान रजा, निखिल यादव, जिया खान अभिषेक सिंह,सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

अब जंगल की जमीन भी बेच रहे दलाल, जांच में खुलेंगे सारे राज

पंजीयन कार्यालय की भूमिका संदिग्ध...फर्जी रजिस्ट्री की हुई शिकायत

एक बार फिर अनूपपुर जिले में जंगल की जमीन को बेचने का काम हुआ है जहां पर हर किसी ने अपनी कलम और राजस्व विभाग से लेकर विधि व रजिस्टार ऑफिस तक ने अपना जमीर तक गिरवी रख दिया...चंद्र सिक्कों की खनक के खातिर हर जिम्मेदार अपना ईमान बेचते नजर आए...क्या ऐसे में क्या जंगल कभी सुरक्षित हो पाएगा...जिन लोगों की बदौलत इस जमीन की बिक्री हुई थी आज वह इस मामले में पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं...कई तो यह भी कह रहे हैं कि मुझे इस बात की जानकारी ही नहीं, तो कुछ साजिश की बात कर रहे हैं...वकालत के पेशे से जुड़े वकील भी अपने आप को पाक साफ बता रहे हैं मगर जमीन के मामले में सर्विस प्रोवाइडर की बातों पर अगर यकीन किया जाए तो सारे दस्तावेज मुहैया वकील के द्वारा कराए गए...अब ऐसे में देखना यह होगा कि क्या इस बार भी जंगल की जमीन को यह दलाल खुर्द कर देंगे और उनकी निगरानी में बैठा विभाग इनसे हाथ मिलाकर अपनी जेब गर्म करता रहेगा...वहीं रजिस्टर एवम पंजीयन ऑफिस के सीसीटीवी से ही दूध का दूध और पानी का पानी हो सकता है...

जिम्मेदारों के बोल

इस मामले में मेरी कोई भूमिका नहीं है,मुझे फंसाने के लिए मेरे खिलाफ साजिश की जा रही है।
लक्ष्मी कांत द्विवेदी,अनूपपुर

मेरा इस मामले से कोई लेना देना नहीं है।
सुनील गुप्ता एडवोकेट,अनूपपुर

मुझे सारे दस्तावेज सुनील गुप्ता एड के द्वारा उपलब्ध कराए गए थे। जिसके आधार पर स्लॉट बुक कराया गया साथ ही पेमेंट भी उनके द्वारा कराया गया।
कमलेश राठौर,सर्विस प्रोवाइडर अनूपपुर

इस मामले में मेरी कोई भूमिका नहीं है, मेरे खिलाफ कोई प्रमाण हो तो आप समाचार छाप दीजिए।
लियाकत अली,अनूपपुर

मेरा सारा काम मेरे भाई देखते है आप उनसे बात करिए, वो जहां कहते हैं हम साइन कर देते है।
बलवीर गिल,क्रेता,निवासी बिलासपुर

-विशेष संवाददाता-
अनूपपुर, 05 सितम्बर 2023
(घटती घटना)

अनूपपुर तहसील के ग्राम हल्का डिडवापानी में जंगल की जमीन को भू माफिया गिरोह के द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खुर्द कर दिया गया। इतना ही नहीं शिकायतकर्ता ने बताया है कि लक्ष्मीकांत द्विवेदी की भूमिका इस मामले में संदिग्ध है। यह वही नाम है जो पहले भी कई बार विवादों में रह चुका है यहां तक की उक्त व्यक्ति के ऊपर मुकदमा भी दर्ज है जिसका प्रकरण आज भी न्यायालय में चल रहा है। ग्राम डीडवापानी के भूमि को अवैध भू-माफिया गिरोह के द्वारा जालसाजी कर फर्जी दस्तावेज तैयार करने एवं षडयंत्रपूर्वक फर्जी रजिस्ट्री कराए जाने के संबंध में जांच कर भू मफिया के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की बात दी गई शिकायत में कही गई है। शिकायतकर्ता ने जनहित एवं शासन को एक पत्र भेजा है। जिसमें अनूपपुर जिले भूमि ग्राम डिडवापानी आराजी खसरा नम्बर 13/6/2 रकवा 1.265 हे, 12/4 रकवा 4.047 से, 7/4/2 रकवा 2. उत हे. 8/1 रकवा 12.14 हे को फर्जी विक्रेता बनकर अनिल कुमार शाह (उम्र 51 वर्ष) पिता छोटेलाल शाह निवासी वार्ड नं. 06 पुनीरा आधार नं. 829050587408 के द्वारा विक्रयनामा बलवीर सिंह गिल पिता ज्ञान सिंह गिल निवासी हाउस नम्बर 87 वार्ड नं. 04 नयापारा बोदरी (बोसरी) बिलासपुर आधार नम्बर 251366353909 रजिस्ट्रेशन नं. एमपी 46252202312086376 रजिस्ट्रेशन दिनांक 05/07/2023 को रजिस्ट्री कराया गया है। जिसमें भूमि विक्रय की राशि 4 चेक के माध्यम से 68 लाख रूपये प्राप्त कर रजिस्ट्री कराई गई है। जिसमें से 20 लाख रूपये जरिये ऐक्सिस बैंक शाखा राजेन्द्र नगर बिला सीटी बिलासपुर के चेक क्रमांक 040921 दिनांक 21 मई 2023 के माध्यम से एवं 20 लाख रूपये जरिये ऐक्सिस बैंक शाखा राजेन्द्र नगर बिला सीटी बिलासपुर के चेक क्रमांक 040922 दिनांक 21/06/2023 के माध्यम से एवं 18 लाख रुपये जरिये ऐक्सिस बैंक शाखा राजेन्द्र नगर बिला सीटी बिलासपुर के चेक क्रमांक 040923 दिनांक 21 मई को माध्यम से एवं 10 लाख रूपये नगद के माध्यम से इस प्रकार विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि 68,00,000 (अठसठ लाख रुपये मात्र) विक्रय पंजीयन के पूर्व विक्रेता से क्रेता ने चेक व नगद के माध्यम से राशि प्राप्त किया है तथा सेवा प्रदाता कमलेश प्रसाद राठौर पिता देवलाल राठौर (एसपी01462511220140013 9) निवासी वार्ड नं. 09 हाल मुकाम अनूपपुर तहसील के पास डॉ0 एसआरपी द्विवेदी बगल में बताया गया। इस पूरी साजिश में अनूपपुर तहसील में वकील गुप्ता पिता माखनलाल गुप्ता निवासी ग्राम जमुडी जिला अनूपपुर एवं लियाकत जली पिता हाजी अहमद अली निवासी अनूपपुर मस्जिद मोहल्ला के द्वारा क्रेता-विक्रेता एवं गवाहों के दस्तावेज, आईडी लाकर मुझे दिया गया। इसके साथ लक्ष्मीकांत द्विवेदी तथा अनूपपुर में लाल पट्टा के नाम से प्रचलित है जोकि जीएम बंगला में रहता है, जिनके माध्यम से मैंने रजिस्ट्री बुक किया। जिसमें गवाह सुधीर कुमार पिता लक्ष्मी प्रसाद बैठा निवासी वार्ड नं. 16 सुरधईया परिहार जिला सीतामढ़ी बिहार आधार नं. 704410866346 सूर्यकांत गोड पिता भगवत प्रसाद गोड निवासी वार्ड नं 6 अचानकपुर बोडरी जिला बिलासपुर (छग) आधार नं 902580204388 को विक्रयनामा में प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त दो-तीन लोग और इस साजिश में फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि विक्रय करने में सहायक हैं एवं एक और फर्जी आईडी अनिल शर्मा पिता रतन लाल शर्मा निवासी हाउस नं 30 सालीमार बाग नार्थ वेस्ट दिल्ली 110068 आधार नं 804912328160 तैयार कर रजिस्ट्री करने के कोशिश में हैं। जिसकी विस्तृत जांच में साजिश करने एवं फर्जी दस्तावेज तथा फर्जी गवाहों को तैयार कर प्रस्तुत करने की साजिश का पता चलेगा। साथ ही बलवीर सिंह गिल छत्तीसगढ़ का निवासी है जोकि उसके चेक से ज्ञात होता है। लेकिन अनूपपुर जिले की भूमि खरीदने के लिए अनूपपुर का निवासी दर्शाया है। जबकि छग के निवासी होने के वजह से यह रजिस्ट्री संभव नहीं था। यानि उक्त भूमि को क्रय विक्रय करने हेतु फर्जी गवाह, फर्जी क्रेता-विक्रेता तैयार होने में कई वर्ष लगे होंगे एवं उक्त आराजी के भूमि को कूटरचित तरीके से बिहार का दर्शाकर क्रय-विक्रय करने में तहसील अनूपपुर के नामदार वकील भी शामिल हैं। जोकि जांच में खुलाशा होगा। जबकि उक्त आराजी रकवा का मूल भूमि स्वामी दिल्ली में निवासरत है जिसका दस्तावेज आवेदक द्वारा जांच एवं न्यायालीन कार्रवाई में प्रस्तुत किया जायेगा। अतः श्रीमान जी से इस पत्र के माध्यम से आग्रह है कि अनूपपुर जिले में कई वर्षों से भू माफिया सक्रिय हैं जोकि फर्जी दस्तावेज एवं फर्जी गवाहों को तैयार कर भूमि क्रय कर रहे हैं। जिन कारणों से अनूपपुर जिले की भूमि का मामला तहसीलदार एसडीएम कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन है। तथा कई लोग सलाखों के पीछे जा चुके हैं। ऐसा ही उक्त भूमि के विक्रय में भी हुआ जिसको सूक्ष्मता जांच कर क्रेता-विक्रेता संवाहों एवं इस साजिश में शामिल लोगों के विरुद्ध कर मामला पंजीबद्ध किया जाना चाहिए एवं फर्जी विक्रय के पूर्व उप रजिस्ट्रार की अमित की भी जांच की जानी चाहिए तथा जंगल की भूमि विक्रय होने के पूर्व रजिस्ट्रार के द्वारा राजस्व अभिलेख नहीं देखा जाता है एवं मोटी रकम लेकर जंगल की भूमि विक्रय कर दी जाती है। जिसकी भी जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

खड़गवां जनपद पंचायत क्षेत्र के निर्माण कार्यो में खुलेआम हो रही अनियमिता

मनरेगा के निर्माण कार्य में निर्माण एजेंसी तो सिर्फ मूकदर्शक है

खुलेआम हो रही है ठेकदारी जिससे गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य हो रहे हैं

ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी का पूरा संरक्षण मनरेगा एवं ग्राम पंचायतों में ठेकेदारी करने वालों को प्राप्त है

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,05 सितम्बर 2023
(घटती घटना)

ऐसा ही मनरेगा से संबंधित चकर टाइल्स सड़क निर्माण कार्य दुग्गी ग्राम पंचायत में रोजगार गारंटी योजना से निर्माण कार्य चल रहा था जिसमें मोहल्ला वासियों के द्वारा चकर टाइल्स सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन और घटिया समाग्री से निर्माण कार्य कराया जाने को लेकर मोहल्ला वासियों को इस तरह घटिया निर्माण कार्य पर आपत्ति है कि मोहल्ले की वषों से मांग पूरी हुई है और निर्माण कार्य अच्छे गुणवत्ता पूर्ण नहीं किया जा रहा है और मनरेगा के तहत रोजगार गारंटी योजना से चकर टाइल्स सड़क निर्माण कार्य में चिरमिरी के ठेकेदार के द्वारा एवं चिरमिरी का ही मुंशी ही कार्य को करा रहा है इस चकर टाइल्स सड़क का निर्माण कार्य कराया जाने का विरोध मोहल्ले वासी कर रहे थे।

रोजगार गारंटी योजना के निर्माण कार्यो को अधिकारियों के संरक्षण में ठेकेदार से निर्माण कार्य कराया जा रहा है मोहल्ले के

वासियों ने बताया कि इस निर्माण कार्य में लेबर मिस्त्री भी बाहर के है। जबकि मनरेगा से हो रहे निर्माण कार्य में स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना है मगर इस ग्राम पंचायत में रोजगार गारंटी योजना में ठेकेदारी इस कदर हावी है कि ग्रामीणों के विरोध के बाद भी निर्माण कार्य धड़ल्ले से किए जाते हैं। इस ग्राम पंचायत में ठेकदारी से चकर टाइल्स सड़क का गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य किया जा रहा है।उसके बाद भी अधिकारी के द्वारा निर्माण सथल की जांच करने की जरूरत नहीं समझी गई और ठेकेदार मनरेगा के सारे नियम कानून को दरकिनार कर निर्माण कार्य करने वाला ठेकेदार धडल्ले से गुणवत्ता विहीन चकर टाइल्स सड़क निर्माण कार्य कर रहा है ये मामला दुग्गी ग्राम पंचायत में सामने आया है कि चकर टाइल्स सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन और घटिया कराया जा रहा है। इस संबंध में संबंधित ग्रामीण यात्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी से जानकारी चाही तो उन्होंने कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है। अब सवाल खडा होता है कि इन ग्रामीण यात्रिकी विभाग के अधिकारी ने इस दुग्गी ग्राम पंचायत के चकर टाइल्स के इसटीमेट और टी एस की स्वीकृती कैसे प्रदान किया गया ?इससे ये प्रतीत होता है की ठेकेदार के द्वारा ग्रामीण यात्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी और इंजीनियर से साठगांठ कर ये सारा खेल खेला जा रहा है ?ग्राम पंचायतों में ठेकदारी कर रहे ठेकेदारों के फाइलों को कार्यालय के चपरासी से घर मे बुलाकर हस्ताक्षर किए जा रहे हैं? इस तरह के निर्माण कार्यों में सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि ग्रामीण यात्रिकी विभाग के इंजीनियर और अनुविभागीय अधिकारी की जानकारी और निर्माण कार्य कि लागत में खेल किया जाता है?

ग्रामीण यात्रिकी विभाग का निर्माण कार्यो मे भ्रष्टाचार करने के लिए ठेकेदारों को पूरा संरक्षण प्राप्त है...

ग्रामीण यात्रिकी विभाग के द्वारा ग्राम पंचायत मे चल रहे निर्माण कार्यो के निरीक्षण और निर्माण कार्यो का इसटीमेट सथल निरीक्षण के पश्चात तैयार किये जाना होता है। सूत्रों की माने तो खडगवा ग्रामीण यात्रिकी विभाग में किसी भी निर्माण कार्य का इसटीमेट कार्यालय में बैठ कर जदा से जदा लागत का इसटीमेट तैयार किया जाता है जिसमें इन अनुविभागीय अधिकारी का अपना हिस्सा भी उस निर्माण कार्य के इसटीमेट मे शामिल रहता है। इनके सरक्षण मे ही जनपद क्षेत्र में धडल्ले से ठेकेदारी प्रथा से गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य मे भ्रष्टाचार चल रहा है? इस संबंध में ग्रामीण यात्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी से उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क कर जानकारी चाही तो उन्होंने संबंधित तकनीकी सहायक को निर्माण स्थल पर जाकर जांच करने का आदेश दिया गया है।

ग्रामीण यात्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में ही बैठे नजर आते है?

इस का जिता-जगता उदाहरण है कई ग्राम पंचायत के गुणवत्ता विहीन और घटिया निर्माण कार्य का होना लाखों रुपये की लागत कि पुलिया सी सी सडक रिटर्निंग वाल भवन आदि का ग्रामीण यात्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी सथल का निरीक्षण करने सथल पर जाते ही नहीं है वो कार्यालय में बैठ कर निर्माण कार्य का इसटीमेट तैयार करते हैं। ऐसा ही एक मामला कुछ दिनो पूर्व पोडी ग्राम पंचायत में भी हुआ जहां पर समतल जगह पर पुलिया का निर्माण कार्य किया जा रहा था जिसे जाच के पश्चात रोका गया अधिकारी सिर्फ कागजों में ही क्षेत्र के निर्माण कार्यो को देख रहे हैं ग्रामीण यात्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी तो कार्यालय में ही बैठे नजर आते हैं वो भी कभी उन्हें क्षेत्र मे चल रहे निर्माण कार्यो की निरीक्षण करने की फुर्सत ही नहीं है?

जनचौपाल में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं,दिए निराकरण के निर्देश

-संवाददाता-
कोरबा, 05 सितम्बर 2023
(घटती घटना)

जिला कार्यालय में आयोजित जनचौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्री सौरभ कुमार से मुलाकात की और अपनी मांगे व समस्याएं रखी। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनचौपाल में 106 लोगों ने अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर आवेदन दिए। उपरोक्त आवेदनों पर कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने निराकरण और आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी प्रकार लोगों ने मुआवजा प्रकरण के निराकरण, मजदूरी भुगतान, नामांतरण, सीमांकन, सहायक उपकरण सहित अन्य आवेदन दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, श्री दिनेश कुमार नाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

गांजे की खेती करने वाले व्यक्ति पर हुई कार्यवाही

-संवाददाता-
कोरबा, 05 सितम्बर 2023
(घटती घटना)

पुलिस टीम चैतमा को दिनांक 03/09/23 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि डिडामहुआ पटपरा चैतमा निवासी छत्रपाल सिंह कंवर अपने बड़ी में भारी मात्रा में गांजा का पेड़ लगाकर उसका खेती कर रहा है। मामले को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोरबा यू उदय किरण को अवगत कराया गया जिनके द्वारा निर्देशित करने पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा, अनुभागी अधिकारी कटघोरा पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन पर साइबर सेल प्रभारी कोरबा सनत सोनवानी के नेतृत्व में चौकी चैतमा प्रभारी सउनि सुरेश कुमार जोगी के साथ मिलकर एक

संयुक्त टीम बनाया गया। टीम के द्वारा डिडामहुआ पटपरा चैतमा जाकर छत्रपाल सिंह कंवर की बाड़ी में दबिश दिया गया द्य दबिश के दौरान छत्रपाल सिंह कंवर बाड़ी में मौजूद मिला द्य बाड़ी में 10 नाग गांजे का पौधा लगाकर इसकी खेती कर रहा था द्य आरोपी छत्रपाल से इसके बारे में पूछा गया तो उसने इस बारे में गोल-मोल जवाब देने लगा द्य विधिक प्रावधानों का पालन करते हुए आरोपी के बाड़ी से 10 नग गांजा का पौधा वजनी 19.690 द्यद्द को जप्त कर आरोपी छत्रपाल सिंह कवर पिता स्व होरी सिंह कवर 55 साल साकिन डिडामहुआ पटपरा पुसके चैतमा को अपराध क्रमांक 333/023 धारा 20(क) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जनहानि तथा पशुधन हानि को रोकने जिला पंचायत सीईओ ने जागरूकता रथ को किया रवाना

-संवाददाता-
कोरबा, 05 सितम्बर 2023
(घटती घटना)

मंगलवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विश्वदीप एवं नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने हरी झण्डी दिखाकर 'स्ट्रे कैटल रिस्पांस फोर्स जागरूकता' रथ को रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए आमजनों को जागरूक करने का कार्य करेगा। जिले के मुख्य मार्गो एवं सड़कों पर आवारा पशुओं के अनावश्यक रूप से विचरण करने पर दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है जिससे जनहानि तथा पशुधन हानि भी हो जाती है। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आज जागरूकता रथ को रवाना किया गया। इस जागरूकता रथ का उद्देश्य पशुपालकों को अपने पशुओं को घर में बांधकर रखने तथा पशु एवं जन-धन हानि रोकने के लिए आम जनता को जागरूक करना है।

सूचना

मेरा नाम दीपक तिवारी है। मै इलाहाबाद विश्वविद्यालय का छात्र हूँ। मेरा माइग्रेशन प्रमाण पत्र 23/08/2023 को प्रयागराज स्टेशन के पास गिर गया था। अतः जिस किसी सज्जन को मेरा माइग्रेशन प्रमाण पत्र प्राप्त हो तो उक्त नं. 8840996214 में संपर्क करने की कृपा करें।

नाम-दीपक तिवारी
पता- देवेश्वर सिंह कालोनी अग्रसेन वार्ड, अम्बिकापुर,छ0ग0
मो0नं0- 884099214

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सूरजपुर,जिला-सूरजपुर,छ.ग.

रा.प्र.क्र.../अ-2/2022-23

ईश्तहार

एतद्द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-सतपता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रमेश कुमार अग्रवाल आ0 गोविन्द राम अग्रवाल, जाति-अग्रवाल निवासी ग्राम-शिवनंदनपुर, तहस0 पिलखा, जिला-सूरजपुर छ0ग0 द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम सतपता प0ह0न0 54 रानिमा-सूरजपुर तहसील-पिलखा, जिला-सूरजपुर छ0ग0 स्थित भूमि खसरा क्र0 690/2 रकबा 0.10 हे भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं उक्त संबंध में ग्राम-सतपता के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 08/09/2023 तक अपना दावा/आपत्ति इस नयायालय में प्रस्तुत कर सकता है। इस तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/08/2023 को न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

सील — विशेष कर्तव्याधिकारी भूमि व्यपर्वतन सूरजपुर

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202308020700057

विषयः-अ-55 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
नवाबांध प.ह.न. 00025 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-ढोला राम राजवाड़े ,
अनावेदक पक्षकार- छ0ग0 शासन,

ईश्तहार

आवेदक ढोला राम राजवाड़े आ0 स्व0 धीरा राम, जाति रजवार, निवासी ग्राम नवाबांध, तहसील अम्बिकापुर,जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा आवेदक को ग्राम नावाबांध के पटेल पद पर नियुक्त किये जाने बावत आवेदन पेश कर बताया गया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम नावाबांध में कुल खसरा 08 कुल रकबा 2.116 हे0 भूमि स्थित है। ग्राम नावाबांध में आवेदक के पिता स्व0 धीरा राम पटैल के पद पर कार्यरत थे। स्व0 धीरा राम की मृत्यु 20-25 वर्ष पूर्व होने के बाद ग्राम नावाबांध में पटैल का पद रिक्त है। आवेदक ग्राम नावाबांध के पटेल पद पर कार्य करना चाहता है। आवेदक द्वारा ग्राम नावाबांध के पटेल पर पर नियुक्त किये जाने हेतु आवेदक पत्र श्रीमान अनुवि भागीय अधिकारी अधिकारी रा0 अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 13/09/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्त कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/08/2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202308020700054

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
थोर प.ह.न. 00027 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-मंगलसाय ,
अनावेदक पक्षकार- बालमुकुंद राम,

ईश्तहार

आवेदक मंगलसाय आ0 स्व0 सुखी राम व अन्य निवासी ग्राम थोर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम थोर स्थित खसरा नंबर 262 रकबा 0.040 हे0 भूमि का कम्प्यूटरीकृत त्रुटिपूर्ण रूप से अंकित नहीं कर अनावेदकगण के नाम से 08 बटांकन कर दिया गया है, जबकि आवेदित भूमि को आवेदकगण के द्वारा किसी को विक्रय या हस्तांतरण नही किया गया है। आवेदकगण के द्वारा राजस्व अभिलेखों में हुए उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 13/09/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्त कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/08/2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202308020700048

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
थोर प.ह.न. 00027 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-मटुक धारी यादव ,
अनावेदक पक्षकार- छ0ग0 शासन,

ईश्तहार

आवेदक मटुक धारी यादव आ0 स्व0 घरभरन यादव, निवासी ग्राम थोर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम थोर स्थित खसरा नंबर 208, 212, 213, 576, 577,578,579,580,581,592/14, 604,614,615,616, रकबा क्रमशः 0.093,0.020,0.012,0.047,0.890,0.077,0.040,0.053,0.150,1.335,0.421,0.093,0.186,0.073 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में आवेदक का नाम त्रुटिवश मटुकधारी आ0 घरभरन अंकित हो गया है जिसे सुधार कर मटुक धारी यादव अंकित किये जाने एवं खसरा नंबर 616 रकबा 0.073 हे0 भूमि दर्ज होने से छुट गया है, उसे दर्ज कर त्रुटिसुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है,जो जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 13/09/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्त कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/08/2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला सरगुजा.(छ0ग0)

रा0प्र0क्र0- /ब-121 /2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुद्रिका प्रसाद सोनी आ0 सूरजनाथ सोनी व अन्य निवासी सत्तीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सांड़बार स्थित भूमि खसरा नंबर 36/1, 36/2 रकबा 0.210, 0.503 हे0 भूमि में से खसरा नंबर 36.1 में से रकबा 25.62 डिसमिल भूमि को अनावेदक क्रमांक-01 प्रमोद सोनी आ0 मुन्द्रिका प्रसाद सोनी, खसरा नंबर 36/1 में से 7 डिसमिल भूमि को अनावेदक क्रमांक-02 चांदनी सोनी पति अशोक सोनी, खसरा नंबर 36/1 में से रकबा 19.88 डिसमिल एवं खसरा नंबर 36/2 में से 1.64 डिसमिल भूमि अनावेदक क्रमांक-03 अविनाश रोचलानी आ0 सुंदर लाल रोचलानी, खसरा नंबर 36/2 में से 11.11 डिसमिल भूमि को अनावेदक क्रमांक-04 विनोद कुमार जायसवाल आ0 रामदरश जायसवाल खसरा नंबर 36/2 में से 8.33 डिसमिल भूमि को अनावेदक क्रमांक-05 माया गुप्ता पति जितेन्द्र गुप्ता खसरा नंबर 36/2 में से 8.14 डिसमिल भूमि को अनावेदक क्रमांक-6 महेश सोनी आ0 द्वारिका प्रसाद सोनी, खसरा नंबर 36/2 में से 7.64 डिसमिल भूमि को अनावेदक क्रमांक-7 सुदर्शन गुप्ता आ0 विलास गुप्ता, खसरा नंबर 36/2 में से 4.90 डिसमिल भूमि को अनावेदक क्रमांक-8 विनोद कुमार केशरवानी आ0 जीतलाल केशरवानी के पास बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 11.09.2023 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 08/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर

एशिया कप 2023

भारत-पाकिस्तान फिर होंगे आमने-सामने

नई दिल्ली,05सितंबर 2023। पाकिस्तान के बाद भारत भी नेपाल को 10 विकेट से हराकर शान से सुपर-4 में पहुंचा। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने कैंडी में हुए बारिश से बाधित मैच में 145 रन के लक्ष्य को बिना विकेट गंवाए 17 गेंद रहते ही हासिल कर लिया। दोनों भारतीय ओपनर ने अर्धशतक ठोके। मंगलवार को एशिया कप में ग्रुप-स्टेज का आखिरी मुकाबला होगा और बुधवार से सुपर-4 राउंड शुरू होगा। भारत और पाकिस्तान की टीमें सुपर-4 में पहुंच चुकी हैं। बाकी दो टीम का फैसला मंगलवार को अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच मैच से हो जाएगा।

इससे पहले, एशिया कप में 2 सितंबर को भारत और पाकिस्तान का मुकाबला बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था और इसे रद्द करना पड़ा था। दोनों ही देशों के फैंस के रोमांचक क्रिकेट देखने के अरमानों पर पानी फिर गया था। खैर, अब फैंस के लिए अच्छी खबर है। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप के सुपर-4 राउंड में 10 सितंबर को टक्कर होगी। दोनों देशों के

बीच पहला मैच कैंडी में खेला गया था, जो बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था। सिर्फ भारतीय टीम बल्लेबाजी कर पाई थी और पाकिस्तान की पारी में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी।

अब दोनों टीमें सुपर-4 राउंड में 10 सितंबर को भिड़ेंगी। इस मुकाबले का वेन्यू कोलंबो है लेकिन, वहां भारी बारिश की वजह से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। ऐसे में इस मैच को हम्बनटोटा में शिफ्ट किया जा सकता है। सिर्फ इसी मुकाबले को ही नहीं, कोलंबो में सुपर-4 राउंड के 4 और मुकाबले होने हैं, उन्हें भी हम्बनटोटा शिफ्ट किया जा सकता है। श्रीलंका के दक्षिणी हिस्से में बसे इस शहर में सितंबर के महीने में बारिश कम होती है।

एशिया कप 2023 में सुपर-4 राउंड के मैच 6 सितंबर से शुरू होंगे। पहला मैच ग्रुप-ए में पहले स्थान पर रहने वाली टीम पाकिस्तान और ग्रुप-बी में दूसरे नंबर की टीम के बीच होगा। इसके बाद 9 सितंबर को ग्रुप-बी की शीर्ष दो टीमों के बीच सुपर-4 राउंड का दूसरा मैच होगा। 10 सितंबर को ग्रुप-ए की दो टीमें भारत और पाकिस्तान की टक्कर होगी।

विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील में गेब्रियल जीसस की एंट्री

रियो डी जनेरियो,05 सितंबर 2023। गेब्रियल जीसस को दक्षिण अमेरिकी देश के फुटबॉल महासंघ बोलीविया और पेरू के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है। आर्सेनल फॉरवर्ड ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के विंगर एंटनी की जगह ली है। जिन्हें उनकी एक्स गर्लफ्रेंड द्वारा दुर्व्यवहार के आरोप के बाद टीम से हटा दिया गया था।

इंग्लिश प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड पर आर्सेनल की 3-1 की घरेलू जीत में घुटने की चोट से वापसी करते हुए जीसस ने शानदार प्रदर्शन किया। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल कतर में हुए विश्व कप के बाद से ब्राजील के लिए नहीं खेला है। एक बयान में ब्राज़ीलियाई महासंघ ने कहा कि एंटनी को बाहर करने का निर्णय उन आरोपों के बीच आया है जिनकी जांच की आवश्यकता है।

23 वर्षीय ने सोशल मीडिया पर एक मैसेज पोस्ट किया जिसमें उन्होंने इन आरोपों को झूठा बताया और अपनी बेगुनाही साबित करने की कसम खाई। ब्राजील शुक्रवार को बेलेम में बोलीविया से और 12 सितंबर को लीमा में पेरू से भिड़ेगा।

मित्सिन ने बुल्गारिया को पहला विश्व जूनियर तैराकी स्वर्ण दिलाया

जेरूसलम,05 सितंबर 2023। जूनियर विश्व रिकॉर्ड धारक पेटार मितसिन ने इजरायल के तटीय शहर नेतन्या में आयोजित विश्व एक्वेटिक्स जूनियर तैराकी चैंपियनशिप के उद्घाटन दिन 400 मीटर फ्रीस्टाइल दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।

मित्सिन ने तीन मिनट 46.49 सेकंड का समय निकाला, जो कि इतालवी एलेसेंड्रो रागैनी से सिर्फ 17 सौवां आगे था, जिसने बुल्गारिया के लिए पहला विश्व जूनियर तैराकी खिताब हासिल किया। रिपोर्ट के अनुसार, इटली के फिलिपो बर्टोनी ने कांस्य पदक जीता।

मित्सिन ने कहा, यह एक कठिन दौड़ थी और मैंने जो समय बिताया उससे मैं खुश हूं। मुझे अपने देश का प्रतिनिधित्व करने पर वास्तव में गर्व है।

संयुक्त राज्य अमेरिका की लिआ हेस, 2022 विश्व सीनियर 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले कांस्य पदक विजेता, ने अनुमानत 400 मीटर मेडले में नेतन्या में स्वर्ण पदक जीता, और 4:36.84 का जूनियर विश्व चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया। कनाडा की एला जेन्सन और जूली ब्रौसेउ ने क्रमश- रजत और कांस्य पदक जीता।

अमेरिकी लड़कों की रिले टीम, जिसमें डेनियल डाइहल, मैक्सिमस विलियमसन, हडसन विलियम्स और जेसन झाओ शामिल हैं, ने 4×100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में 3-15.49 का जूनियर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया, जो ऑस्ट्रेलिया और कनाडा से आगे रहा। इसके बाद अमेरिकी लड़कियों ने 4×200 मीटर फ्रीस्टाइल में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के खिलाफ नाटकीय लड़ाई के बाद, एडिसन साउकी, लिआ हेस, लिन्से ब्रोवेन और मैडी मिंटेंको ने 7:52.48 का समय निकाला।

पुरुष यूरोवॉली 2023 में रोमानिया फ्रांस को हराकर अंतिम 16 में पहुंचा

जेरूसलम,05 सितंबर 2023। रोमानिया ने ओलंपिक चैंपियन फ्रांस को 3-1 से हराकर 2023 पुरुष यूरोपीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप (यूरोवॉली) के राउंड 16 में जगह पक्की कर ली।

हालाँकि फ्रांस ने पहले ही अंतिम 16 में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया था और प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया था, फिर भी परिणाम को सनसनीखेज माना जा रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, इस जीत ने इज़राइल के तेल अवीव में आयोजित छह-टीम ग्रुप डी में अपने पांच मैच पूरे करने के बाद रोमानिया को तीन जीत दिलाई।

रोमानिया ने पहला सेट 25-23 से जीता लेकिन फ्रांस ने वापसी करते हुए अगला सेट 25-16 से जीत लिया। इसके बाद रोमानिया के बाहरी स्पाइकर, एड्रियन एसिओबैनिटेई ने आक्रमण पर अपना दबदबा बनाया, खासकर चौथे सेट में, और अपनी टीम को 25-18 और 25-21 से

जीत दिलाई।

एसिओबनिटेई ने 20 अंकों का योगदान दिया, टीम के साथी अलेक्जेंड्रू राटा ने 12 अंक जोड़े। रॉबर्ट कैलिन 11 अंकों के साथ समाप्त हुए, जिसमें पांच ब्लॉक अंक शामिल थे। स्टीफन बोयर 19 अंकों के साथ फ्रांस के शीर्ष स्कोरर थे।

बाद में उस शाम, पुर्तगाल ने भी तुर्किये पर 3-2 (26-24, 21-25, 15-25, 28-26, 15-13) की रोमांचक जीत के बाद राउंड 16 में स्थान हासिल कर लिया। मैच का फैसला पांचवें सेट में एलेक्जेंडर फरेरा के विजयी स्पाइक से हुआ।

फरेरा ने टीम के लिए सर्वाधिक 24 अंक जुटाए, जबकि लौरेंको मार्टिंस ने 23 अंक जोड़े। यिगिट गुलमेजोग्लू के प्रभावशाली गेम-उच्च 33 अंकों के बावजूद, जिसमें पांच इक्के शामिल थे, यह तुर्किये के लिए पर्याप्त नहीं था।

ग्रुप डी में अंतिम दो मैच शुक्रवार को होने हैं। इज़राइल का सामना तुर्किये से होगा, जिसमें विजेता अंतिम 16 में पहुंचेगा। इस बीच, ग्रीस, आगे बढ़ने का मौका खो चुका है, फ्रांस के खिलाफ खेलेगा।

ग्रुप डी की शीर्ष चार टीमों के साथ अन्य तीन समूहों की 12 टीमें शामिल होंगी, जो इटली, बुल्गारिया और उत्तरी मैसेडोनिया में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

क्वीन वेन यूएस ओपन के क्वार्टरफाइनल में पदार्पण करेंगी,अलकराज आए

न्यूयॉर्क,05 सितंबर 2023। चीनी सनसनी झेंग किनवेन ने ट्यूनीशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त ओन्स जाबेउर को 6-2, 6-4 से सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रिपोर्ट के अनुसार, यह शीर्ष 10 खिलाड़ी के खिलाफ झेंग की पहली जीत है और वह पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता के अंतिम आठ में पहुंची है। 21 वर्षीय झेंग ने अपनी उल्लेखनीय जीत के बाद लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार के दौरान कहा, फिलहाल, मैं बड़े स्टेडियम में खेलने के लिए बेहद खुश और उत्साहित महसूस कर रही हूं और आज मैंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। जब झेंग से उनके लोकप्रिय उपनाम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे क्वीन वेन नाम पसंद है। चलो, यह रानी है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए झेंग का सामना बुधवार को आर्यना सबालेंका से होना तय है, जब बेलारूसी दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने रूसी डारिया कसाटकिना को 6-1, 6-3 से हरा दिया।

सनी देओल की गदर 2 ने 500 करोड़ किया क्रॉस,पठान,बाहुबली 2 का टूटा रिकॉर्ड

सनी देओल की गदर 2 नए-नए रिकॉर्ड बना रही है। इसकी रिलीज को 1 महीना पूरा होने को है और यह अब भी सिनेमाघरों में गदर मचा रही है।शाहरुख खान की पठान के कई रिकॉर्ड तोड़ चुकी गदर 2 ने अब पठान को फिर पछाड़ दिया है। दरअसल, यह 500 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने वाली पहले सबसे तेज हिंदी फिल्म बन गई है।आइए जानें यह जादुई आंकड़ा किस फिल्म ने कितने दिन में पार किया।गदर 2 ने 23वें दिन 4.72 करोड़ रुपये की कमाई दर्ज की थी और रविवार को यानी 24वें दिन फिर इसकी कमाई में जबरदस्त उछाल आया।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर के मुताबिक, फिल्म ने 7.80 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसी के साथ गदर 2 की कुल कमाई 501 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। पठान ने जहां 28 दिन में 500 करोड़ का आंकड़ा पार किया था, वहीं बाहुबली 2 (हिंदी) ने 34 दिनों में यह आंकड़ा छुआ था।500 करोड़ कमाने के बाद अब गदर 2 की निगाहें बाहुबली 2 (510.99 करोड़) के हिंदी वर्जन के रिकॉर्ड पर है, वहीं पठान का लाइफटाइम कलेक्शन 543 करोड़ रुपये है और यहां तक पहुंचने के लिए फिल्म को अभी 38 करोड़ रुपये और कमाने होंगे।बात करें फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की तो गदर 2 विदेशों में भी धूम मचा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने दुनियाभर में 650 करोड़



रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है।गदर 2 ने 40 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला था। यह न सिर्फ सनी, बल्कि अमीषा पटेल की पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पहली हिंदी फिल्म बनी थी।रिलीज के 5वें दिन यानी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर फिल्म ने 55.40 करोड़ की ऐतिहासिक कमाई की और आजादी के दिन पर ऐसा कारनामा करने वाली इकलौती फिल्म बनी।इससे पहले 2012 में 15 अगस्त के दिन आई एक था टाइगर ने 32.93 करोड़ रुपये कमाए थे।गदर 2 2001 में आई फिल्म गदर का सीक्वल है। महज 18 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 133 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था।गदर 2 में उत्कर्ष शर्मा, सिमरत कौर और मनीष वाधवा भी अहम भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा हैं।हाल ही में गदर 2 की सफलता का जश्न मनाया गया, जिसमें शाहरुख खान से लेकर आमिर खान तक कई बड़े सितारे नजर आए।सनी के करियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में गदर 2 पहले स्थान पर विराजमान है। इसके बाद भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 76 करोड़ रुपये के साथ गदर दूसरे स्थान पर तो यमला पगला दीवाना 55 करोड़ के साथ तीसरे स्थान पर है।

सनी देओल के दूसरे बेटे राजवीर देओल की दोनों का ट्रेलर जारी,5 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म

जहां सनी देओल इन दिनों अपनी फिल्म गदर 2 को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं, वहीं उनके बेटे राजवीर देओल भी अभिनय की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार है। पिछले कुछ दिनों से वह अपनी पहली फिल्म दोनों को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनकी जोड़ी पूनम ढिल्लों की बेटी पालोमा के साथ बनी है।अब इस बीच दोनों का ट्रेलर सामने आ चुका है, जिसमें राजवीर और पालोमा एक-दूसरे के इश्क में डूबे नजर आ रहे हैं।जियो स्टूडियो ने अपने आधिकारिक एक्स पर दोनों का ट्रेलर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, ड्रम रोल। आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। दोनों का ट्रेलर जारी। यह फिल्म 5 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।दोनों के जरिए अवनीश एस बडजात्या निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। दोनों की कहानी रोमांस से भरपूर होगी, जिसमें एक शादी के दौरान दुल्हन के दोस्त देव (राजवीर) की मुलाकात दूल्हे की दोस्त मेघना (पालोमा) से होती है।दोनों की कहानी की बात करें तो फिल्म में देव और मेघना की लव स्टोरी दिखाई गई है जो पहली बार अपने दोस्तों की शादी में मिलते हैं. देव जिसका 6 सालों का रिलेशनशिप टूट जाता है और उसका दिल पहले से ही टूटा होता है उसकी मुलाकात एक टूटे हुए दिल वाली लड़की से हो जाती है और दोनों को एक दूसरे से प्यार हो जाता है. राजवीर देओल को साल 2021 में उनके दादा धर्मेंद्र ने लॉन्च किया था. अपने इंस्टाग्राम पर एक राजवीर की एक फोटो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा था, अवनीश बडजात्या के डायरेक्शन के साथ अपने पोते राजवीर देओल को सिनेमा की दुनिया से परिचित करा रहा हूं. मैं आप सभी से रिक्वेस्ट करता हूं कि आप दोनों बच्चों को भी उतना ही प्यार दें जितना आपने मुझे दिया है. बता दें कि इसे पहले सनी देओल के बड़े बेटे करण देओल ने 2021 में आई फिल्म पल पल दिल के पास से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था. फिल्म का डायरेक्शन खुद करण के पिता सनी देओल ने किया था और करण के साथ सहर बाम्बा लीड एक्ट्रेस का किरदार निभाती नजर आई थीं.

शिल्पा शेट्टी की सुखी का टीजर जारी, 22 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी मौजूदा वक्त में अपनी आने वाली फिल्म सुखी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। यह फिल्म 22 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अब निर्माताओं ने सुखी का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें शिल्पा अभिनेत्री कुशा कपिला के साथ नजर आ रही हैं। फिल्म में पवलीन गुजराल, दिलनाज ईरानी, चैतन्य चौधरी और अमित साध जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे।शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर सुखी का टीजर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, इस सुखी से, हर सुखी के लिए। हर महिला के लिए एक कहानी। सुखी 22 सितंबर को केवल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन

इसकी कहानी राधिका आनंद, लिखी है।भूषण कुमार फिल्म के निर्माता हैं।शिल्पा फिल्म में 38 साल की पंजाबी हाउसवाइफ सुखप्रीत सुखी कालरा के किरदार में हैं, जो अपने दोस्तों के साथ 20 साल बाद स्कूल के रीयूनियन में भाग लेने के लिए दिल्ली जाती है। फिर एक 17 साल की लड़की की तरह दोबारा जिंदगी का लुत्फ उठाती हैं।साल 1993 में शिल्पा शेट्टी ने शाह रुख खान की हिंदी फिल्म बाजीगर से सिनेमा जगत में कदम रखा था। इसके बाद एक्ट्रेस ने कई शानदार फिल्मों में काम किया है। जिनमें मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी, जानवर, रिश्ते, धड़कन, छोटे सरकार, इंडियन और अपने जैसी कई बड़ी फिल्मों के नाम शामिल हैं। आखिरी बार शिल्पा को फिल्म निकम्मा में बड़े पर्दे पर देखा

वर्दी,पिस्तौल के साथ एक बार दिखेगा रानी मुखर्जी का जलाव,मर्दानी 3

बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक रानी मुखर्जी ने इंडस्ट्री को कई फिल्में दी हैं. एक्ट्रेस ने खुलासा किया है कि वाईआरएफ वर्तमान में मर्दानी 3 की कहानी पर विचार कर रहा है. रानी एकमात्र ऐसी अभिनेत्री हैं जिनके नाम मर्दानी जैसी ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी है. वह इस फ्रेंचाइजी में एक साहसी और निडर पुलिसकर्मी शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका निभाते दिखती हैं. और वह उन अपराधियों से मुकाबला करती हैं जो महिलाओं को शिकार बनाते हैं.रानी ने खुलासा किया कि मर्दानी 3 पर विचार किया जा रहा है, एक बार वाईआरएफ के पास एक बेहतरीन और ठोस कहानी का विचार आ जाए, तो मर्दानी 3 स्क्रिप्टिंग में आ जाएगी. रानी ने कहा कि मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड हूं कि मर्दानी 3 कैसी बनती है. मैं अपनी उंगलियां क्रॉस कर रही हूं क्योंकि मुझे शिवानी का किरदार निभाना अच्छा लगेगा. वह आगे कहती हैं. जब मैंने मर्दानी 2 की, तो मैं काफी घबरा गई थी क्योंकि मैंने पहले कभी इसका सीक्वल नहीं बनाया था. मैं सोच रही थी कि यह कैसे होगा? क्योंकि जब भी कोई फिल्म खत्म होती है तो मैं अपने किरदारों को पीछे छोड़ देती हूं और मुझे नहीं पता कि मैं उस हिस्से को दोबारा निभा पाऊंगा या करने में मजा आया, तो अब मेरे मुंह में खून लग चुका है. इसलिए अब मैं इसे 3 में दोबारा दोहराना चाहती हूं. रानी मुखर्जी का कहना है कि मर्दानी 3 कुछ ऐसी होनी चाहिए जिसे लोग आज से जोड़ सकें. मर्दानी 3 की स्क्रिप्ट अगल होनी चाहिए. ऑडियंस को इस फ्रेंचाइजी से बहुत उम्मीदें है, और उन्हें एक बिल्कुल ताज़ा कहानी देखने की ज़रूरत होगी. एक्ट्रेस ने आगे कहा कि मैं बहुत खुश और उत्साहित होऊंगी अगर मर्दानी 3 की स्क्रिप्ट सच में ऐसी आएगी कि हम फिल्म बनाएंगे. क्योंकि एक अभिनेता के रूप में मेरा हमेशा मानना है कि हम कोई फिल्म इसलिए नहीं करना चाहते क्योंकि वह अच्छी लगती है. हमें तब फिल्म करने की जरूरत होती है जब स्क्रिप्ट अच्छी हो और जब हम ऐसी फिल्म बनाना चाहते हैं जो बदलाव ला रही हो.वह आगे कहती हैं, मर्दानी 3 के साथ हम फिल्म नहीं बना सकते अगर कहानी में वह दम नहीं है. यह कुछ ऐसा होना चाहिए जिससे आज लोग जुड़ाव महसूस करें, लड़कियां इसे सशक्त मानती हैं. तभी हम मर्दानी 3 कर सकते हैं. हम इसे सिर्फ इसलिए नहीं कर सकते क्योंकि यह रोमांचक लगता है. इसलिए मैं उम्मीद कर रही हूं कि अगर वे वास्तव में एक अच्छी स्क्रिप्ट तैयार कर सकते

मुख्यमंत्री ने 1318 शिक्षकों को सौंपा नियुक्त पत्र

» जीर्णोद्धार के पश्चात 7 हजार 688 स्कूलों का किया लोकार्पण

» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि स्कूल विद्या के मंदिर,इन्हें जीर्णशीर्ण नहीं रखा जा सकता इसलिए मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत स्कूलों का जीर्णोद्धार कराया

» आप बच्चों का भविष्य बनाएंगे, हमने ओल्ड पेंशन लागू कर आपका भविष्य सुरक्षित कर दिया है...

रायपुर,05 सितंबर, 2023(ए)। सरगुजा और बस्तर के नवनियुक्त शिक्षकों के लिए आज शिक्षक दिवस का दिन बेहद खास बन गया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। 1318 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गये। उल्लास से भरे इन शिक्षकों ने नियुक्ति पत्रों को लहराते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें कहा कि स्कूल विद्या का मंदिर है। इन्हें जीर्णशीर्ण नहीं रखा जा सकता। हमने 2100 करोड़ रुपए की मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के माध्यम से जीर्णशीर्ण स्कूलों के जीर्णोद्धार की योजना तैयार की। आज 7 हजार 688 स्कूलों एवं इनमें 464 अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य का लोकार्पण कर रहे हैं। आप जिन स्कूलों से अपने अध्यापन की शुरूआत करेंगे। वे बहुत सुंदर हैं। उनकी पुताई छत्तीसगढ़ में ही बने गोबर पेंट से हुई है। आप सभी इन सुंदर, सुविधापूर्ण स्कूलों में बच्चों का भविष्य गढ़ें।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हम गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का संकल्प लेकर आये थे। किसानों की माली हालत खराब थी। वनोपजों का बेहतर दाम नहीं मिल पा रहा था। इलाज के लिए सुविधा नहीं थी। बस्तर में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्कूल भवन ध्वस्त कर दिए थे। जब हमने बस्तर फाइटर की नियुक्ति आरम्भ की तो इसके लिए शैक्षणिक योग्यता वाले पात्र युवक नहीं मिल पा रहे थे। आज जो बड़े पैमाने पर स्कूलों का जीर्णोद्धार हुआ है उसके पीछे हमारी शिक्षा की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। उन्होंने नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि आप राष्ट्रनिर्माता हैं। समाज को दिशा दिखाते हैं। कोरोना में शिक्षकों ने बहुत अच्छा काम किया। ऑनलाइन पढ़ाई कराई। कोरोना की वजह से पढ़ाई का लॉस हमारे राज्य में सबसे कम रहा। आप सभी ओल्ड पेंशन के हकदार होंगे। आपका भविष्य भी हमने सुरक्षित किया है। आप छत्तीसगढ़ के बच्चों के भविष्य को गढ़ने में अपना पूर्ण योगदान दें। पहले अंग्रेजी स्कूल शासन द्वारा संचालित नहीं होता था। अब यह शासन द्वारा संचालित है। यहां पढ़ाई अच्छी है। इसलिए एडमिशन की भी काफी डिमांड है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपने सम्बोधन के दौरान केशकाल के धनोरा गाँव का एक संस्मरण सुनायाद्य उन्होंने कहा कि भेंट-मुलाकात के दौरान एक बच्ची ने मुझसे कहा कि- हमारे स्कूल को भी अच्छा बनवा दीजिए, मैंने कहा बिल्कुल। हम सभी स्कूलों को अच्छा करेंगे। इसी भाव पर अमल करते हुए हमने स्कूलों की बेहतरी के लिए 2100 करोड़ रुपये दिए। ये हमारे विद्या के मंदिर हैं। इन्हें जीर्णशीर्ण नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप जिन स्कूलों में पढ़ाने जाएंगे। उनके स्कूल सुंदर हैं। उनमें हमारे यहां बने गोबर पेंट की पुताई हुई है। आप सभी यहां बच्चों का भविष्य गढ़ें।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभागवार अभिभावकों से चर्चा भी की। लैलूंगा से हरिराम राठिया ने बताया कि हमारा स्कूल पहले ठीक नहीं था। अब बढ़िया हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब स्कूल बढ़िया हो गया है। अब रख-रखाव करते रहिए। पालक समिति इस पर ध्यान देती रहे। मुख्यमंत्री ने पढ़ाई की स्थिति के बारे में भी पूछा। बस्तर के लोहंडीगुड़ा में पदस्थ शिक्षक नितिन ने बताया कि हमारा स्कूल बहुत जर्जर स्थिति में था। अब अच्छा हो गया, अतिरिक्त कक्ष भी बन गया। मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस की उन्हें बधाई दी और शुभकामनाएं भी दी।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत 8000 से भी अधिक स्कूलों में 2100 करोड़ रुपए की लागत से मरम्मत एवं कायाकल्प का कार्य हो रहा है। आज 1300 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिला। इममें से ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र के युवा हैं, मैं उन्हें बधाई देता हूँ।

स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ आलोक शुक्ला ने कार्यक्रम में प्रतिवेदन रखते हुए बताया कि पूर्व में स्कूल भवनों के रख-रखाव के लिए हमारे पास बहुत कम राशि थी। लेकिन अब अच्छी राशि के साथ न केवल स्कूल में व्यवस्थाएं सुधर रही हैं बल्कि शिक्षक और विद्यार्थी दोनों के लिए अध्ययन-अध्यापन का अच्छा माहौल बना है। इस मौके पर स्कूल शिक्षा सचिव श्री एस. भारतीदासन, डीपीआई श्री सुनील जैन एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

परिवर्तन यात्रा से याद आयेंगे झीरम के खून के छींटे

भाजपा की परिवर्तन यात्रा पर कटाक्ष किया, छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तो 2018 में ही आ गया है

रायपुर,05 सितंबर,2023 (ए)। भाजपा के द्वारा निकाले जानी वाली परिवर्तन यात्रा पर प्रहार करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा परिवर्तन यात्रा शब्द से भाजपा के दामन पर लगे खून के छीटे फिर उभरकर सामने आयेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बोले कि किस चीज में परिवर्तन करने के उद्देश्य से भाजपा परिवर्तन यात्रा निकालना चाहती है?

छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तो 2018 में ही आ गया है जब जनता ने भाजपा के कुशासन और भ्रष्टाचार वाली रमन सरकार को घर बैठा दिया था। भाजपा किस बात का परिवर्तन यात्रा चाहती है?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि परिवर्तन यात्रा शब्द से भाजपा के दामन पर लगे खून के छीटे फिर उभरकर सामने आयेंगे। भाजपा परिवर्तन यात्रा कांग्रेस की नकल करके निकाल रही है।

कांग्रेस ने 2013 में शहीद नंदकुमार पटेल के नेतृत्व में परिवर्तन यात्रा निकाला था और भाजपा की रमन सरकार ने सुरक्षा नहीं दिया था, षडयंत्र पूर्वक एक राजनीतिक हत्याकांड होने दिया था जिसमें कांग्रेस के प्रथम पंक्ति के नेताओं एवं सुरक्षा कर्मियों सहित 31 लोगों की शहादत हुई थी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा का परिवर्तन यात्रा छत्तीसगढ़ के विकास विरोधी यात्रा है। भाजपा नहीं चाहती कि प्रदेश खुशहाल रहे। कांग्रेस सरकार में बस्तर आज खुशहाल हुआ है, सुरक्षित है, भाजपा चाहे तो कहीं से भी अपने राजनीतिक यात्रा की शुरुआत कर ले। उन्हें बस्तर के आदिवासियों के चेहरे की खुशियां दिखेगी।

रमन सरकार के दौरान जेल में बंद आदिवासी रिहा दिखेंगे। रमन सरकार ने जिन 1700 आदिवासी परिवारों की जमीन छीनी थी वो आदिवासी परिवार अब खेती करते हुए दिखेंगे। पांचवी अनुसूची क्षेत्र को मिले पेसा के नियम के अधिकार दिखेंगे।

रमन सरकार ने जिन स्कूलों को बंद किया था वो स्कूल खुले दिखेंगे, आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बस्तर के बच्चे अंग्रेजी की निःशुल्क शिक्षा लेते हुए। बस्तर में नक्सलवाद का हो रहा खात्मा दिखेगा। 15 साल के रमन सरकार में जो बस्तर विकास के लिए तरस रहा था वही बस्तर आज विकसित बस्तर के रूप में दिखेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश की जनता ने 2018 में परिवर्तन लाकर भाजपा की भ्रष्ट कमीशनखोर सरकार को उखाड़ फेंकी है और 2023 में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाएगी।

लोगों के जीवन में अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से क्रांतिकारी परिवर्तन लाएं। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, परंपरा संस्कृति की दिशा में काम किया। भाजपा का यह परिवर्तन यात्रा भाजपा को उल्टा पड़ेगा जनता 2024 में केंद्र से भाजपा की जन

बीजेपी दंतेवाड़ा-जशपुरनगर से करेगी परिवर्तन यात्रा का शंखनाद

बीजेपी कांग्रेस की तर्ज पर 12 और 16 सितम्बर से प्रदेश के दो स्थानों, दंतेवाड़ा और जशपुरनगर से परिवर्तन यात्राओं का शंखनाद करने जा रही है। 12 और 16 सितम्बर से प्रदेश के दो स्थानों, दंतेवाड़ा और जशपुरनगर से परिवर्तन यात्राओं की शुरुआत होगी।

दंतेवाड़ा में पहली यात्रा का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और जशपुर में दूसरी यात्रा का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा करेंगे, वरिष्ठ नेता भी समय-समय पर यात्राओं में शामिल होने पहुँचेंगे। बिलासपुर में परिवर्तन यात्राओं के समापन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी करेंगे शिरकत।

पहली यात्रा का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और दूसरी यात्रा का नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव ने कहा 87 विस क्षेत्रों की 2,989 किमी की यात्रा करने वाली परिवर्तन यात्राएँ भ्रष्टाचार के आकाओं को उखाड़ फेंकने के लिए जनता की हुँकार होगी।

बीजेपी 12 और 16 सितम्बर से प्रदेश के दो स्थानों, दंतेवाड़ा और जशपुरनगर से परिवर्तन यात्राओं का शंखनाद करने जा रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में इसकी घोषणा करते हुए इन दोनों यात्राओं के पूरे रोडमैप और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी।

माँ दंतेश्वरी, माँ बमलेश्वरी व माँ महामाया देवी के आशीर्वाद से यात्रा दंतेवाड़ा से बिलासपुर तक 16 दिन में 1,728 किमी की का सफर तय करेगी और तीन संभागों के 21 जिलों तक पहुँचेगी।

यात्रा के दौरान 45 आमसभाएँ, 32 स्वागत सभाएँ और 5 रोड शो होंगे। इस पहली यात्रा के संयोजक विधायक शिवरतन शर्मा व पूर्व मंत्री महेश गागड़ा होंगे। उनके साथ सहयोगी के रूप में निरंजन सिन्हा व सचिन बघेल रहेंगे।

रेल सुविधाओं की बहाली के लिये कांग्रेस पार्टी 13 को करेगी रेल रोको आंदोलन

» यात्री ट्रेनें रद्द किए जाने के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा,छत्तीसगढ़ में रेल रोकने का किया ऐलान

» राज्य के अलग-अलग इलाकों में ट्रेनें रोक कर दर्ज कराएंगे विरोध

रायपुर, 05 सितंबर, 2023 (ए)। यात्री ट्रेनों को बार-बार रद्द किए जाने के कारण छत्तीसगढ़ के रेल यात्री परेशान हैं। कांग्रेस ने अब इसके खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सेवा रेलवे सुविधा को समाप्त करने का साजिश रच रही है। वर्षों से भारतीय रेलवे आम जनता का भरोसेमंद, सस्ता और सुलभ परिवहन का पर्याय हुआ करता था जिसे मोदी राज में रेलवे की विश्वसनीयता को खत्म करके निजी हाथों में बेचने का षड़यंत्र रचा जा रहा है। बिना कोई कारण बताये, बिना किसी ठोस वजह के यात्री ट्रेनों को अचानक रद्द कर दिया जाता है। रेलवे द्वारा यात्री ट्रेनों को महीनों, हफ्तों तक बंद करने का फरमान जारी कर दिया जाता है। महीनों पहले यात्रा की योजना बना कर रिजर्वेशन कराने वाले नागरिकों की परेशानी से रेलवे को और केंद्र सरकार कोई मतलब नहीं रहता है। रेलवे यात्रियों के लिये कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करती है। देश की आजादी के बाद ऐसी स्थिति केवल मोदी सरकार में आई है। जहां रेलवे की यात्री सुविधाएं इतनी ज्यादा खस्ताहाल हो गयी है।

चरणबद्ध ढंग से होगा कार्यक्रम

रेलवे सुविधाओं की बहाली और रेल को बंद करने की केंद्र सरकार की कथित साजिश के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है, जिसके तहत 9 से 13 सितंबर को चरणबद्ध विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे-

9 सितंबर को प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में पत्रकारवार्ता के बाद ज्ञापन सौंपा जायेगा

10, 11 एवं 12 सितंबर को पाम्पलेट-पोस्टर वितरण एवं चस्पा कार्यक्रम, यदि केंद्र सरकार नहीं मानी तो 13 सितंबर को प्रदेश के समस्त रेलवे स्टेशनों पर रेल रोको आंदोलन किया जायेगा।

पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, घनश्याम राजू तिवारी, सुरेन्द्र वर्मा, अजय गंगवानी, प्रकाश मणी वैष्णव, अजय साहू, शशि भगत, ऋषभ चंद्राकर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

रायपुर,05सितंबर,2023 (ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र सरकार से राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत विद्यमान स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल 6,99,439 परिवारों के साथ-साथ, राज्य सरकार के सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 में पाए गए 47,090 परिवारों को आवास निर्माण के लिए केन्द्रांश की राशि जारी करने अनुरोध किया है।

प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने अवगत कराया है कि स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल 6,99,439 परिवारों और राज्य सरकार के सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 में पाए गए 47,090 परिवारों को राज्य सराकर के द्वारा आवास योजना का लाभ दिलाने राज्यांश की राशि जारी करने का भी निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि दिनांक 03 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में उनके द्वारा लिखे गए पत्र में स्थायी प्रतीक्षा में शामिल 6,99,439 परिवारों के साथ-साथ, आवास प्लस के 8,19,999 परिवारों के लिये राज्य सरकार को लक्ष्य प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। साथ ही वर्ष 2021 22 हेतु आवंटित 7,81,999 आवास के लक्ष्य को भारत सरकार द्वारा वापस लेने की जानकारी दी गई थी। राज्य सरकार द्वारा किये गये इस अनुरोध पर भारत सरकार द्वारा की गई कार्यवाही से आज दिनांक तक अवगत नहीं कराया गया है।

मुख्यमंत्री ने यह भी अवगत कराया है भारत सरकार द्वारा वर्ष 2011 में जनगणना के आधार पर स्थायी प्रतीक्षा सूची तैयार की गई थी। भारत सरकार द्वारा पुनः वर्ष 2018 में आवास प्लस सूची तैयार की गई, जिसमें स्थायी प्रतीक्षा सूची के अलावा 8,19,999 परिवार पात्र पाये गये। प्रत्येक 10 वर्षों में भारत सरकार द्वारा सामाजिक आर्थिक जातिगत जनगणना/बी.पी.एल. सर्वेक्षण कराया जाता रहा है, जो कि अभी तक नहीं कराया गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि राज्य सरकार के द्वारा, सामाजिक आर्थिक जातिगत - 2011 के मापदण्डों के अनुसार, सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 कराया गया, जिसमें कुल 47,090 परिवारों को आवासहीन होना पाया गया है। अतएव, स्थायी प्रतीक्षा सूची के शेष 6,99,439 परिवारों तथा राज्य सरकार के द्वारा आर्थिक सर्वेक्षण 2023 में पाये गये आवासहीन 47,090 परिवारों को योजनांतर्गत आवास निर्माण कर लाभान्वित किये जाने हेतु राज्यांश राशि जारी कराने का निर्णय लिया गया है।

अदाणी के हवाले पेलमा कोयला खदान करने का विरोध

बिलासपुर,05 सितंबर 2023 (ए)। अदाणी को प्रदेश की प्रमुख कोल माइंस दिए जाने से कोंग्रेसी खासे नाराज़ हैं। आज कांग्रेसियों का गुस्सा फूटने लगा और सभी ने प्रभावितों के संग मिलकर स्श्वष्टरु का घेराव किया। समाचार लिखे जाने तक बिलासपुर में कांग्रेस कार्यकर्ता स्श्वष्टरु मुख्यालय का घेराव कर रहे हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले आज बड़ी संख्या में कांग्रेसी एसईसीएल मुख्यालय के सामने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किये। कांग्रेसी प्रदेश की प्रमुख कोयला खदानों को अडानी को देने का विरोध जता रहे हैं।

दरअसल, एसईसीएल ने रायगढ़ जिले के पेलमा कोयला खदान का संचालन माइन डेवलपर एंड ऑपरेटर (स्ष्ठह्र) मोड पर करने का फैसला किया है। इसके लिए एसईसीएल ने अडानी समूह की कंपनी पेलमा कोलियरीज से एग्रीमेंट किया है।

समझौते के अनुसार कोलियरीज अगले 20 सालों तक इसका संचालन करेगी। इसके तहत परियोजना की डिजाइनिंग, फाइनेंसिंग, प्रोक्योरमेंट, निर्माण, संचालन और रख-रखाव से जुड़ी सभी गतिविधियों की जिम्मेदारी पेलमा कोलियरीज की होगी।

20 साल की अवधि के दौरान खदान से कुल 2190 लाख टन से अधिक कोयला निकालने का प्रस्ताव है। एक साल में अधिकतम 150 लाख टन कोयला निकालने का लक्ष्य रखा गया है।

खदान से उच्च गुणवत्ता वाला जी-12 ग्रेड का कोयला निकाला जाएगा। सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े उपक्रम की खदान को निजी हाथों में सौंपने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी आज एसईसीएल मुख्यालय का घेराव कर रही है।

एम एल बी ओपन ग्रुप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मण्डल के द्वारा

डब्ल्यूएनडी स्टेंडर्ड जजिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन सम्पन्न

बिलासपुर,05 सितंबर, 2023 (ए)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवम गाइड्स, बिलासपुर मंडल के द्वारा डब्ल्यूएनडी स्टेंडर्ड जगिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन किया । इसका आयोजन में स्काउट्स गाइडस रोवर्स रेंजर्स यूनिट लीडर्स ,ग्रुप लीडर्स रायपुर मंडल,एवम नागपुर मंडल के कुल 380 सदस्य उपस्थित थे

कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे से आंख में पट्टी बांध कर टेंट लगाना, प्राथमिक चिकित्सा, खेल, बेटेल ऑफ इमेजिनेशन, फोक डांस, फैशन शो, फूड प्लाजा आदि जिसमे सभी प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और एमएलबी ओपन ग्रुप के द्वारा एक ज्ञान संरक्षक पुस्तक का प्रकाशन भी हमारे मुख्य अतिथि के मध्य से करवाया गया था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र कुमार अग्रवाल मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) एवम कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती टिमा अग्रवाल सउक्त सचिव महिला सेक्रो एवम अन्य अतिथि अनुराग कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, श्री अंशुमन मिश्रा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी बिलासपुर, श्री पी के सामंत राय, श्री यू एस एस राव एवम अन्य रेलवे के अधिकारी उपस्थित थे । और स्काउट्स गाइड्स के पधाधिकारी भी उपस्थित थे।

प्राथमिक चिकत्सा प्रतियोगिता में दूसरा स्थान सत्या ग्रूप , और प्रथम स्थान रेलवे स्कूल नंबर 1

बैटल ऑफ़ इमेजिनेशन में दूसरा स्थान एमएलबी ग्रूप,प्रथम स्थान सत्या ग्रूप ,

फूड जकसन दूसरा स्थान एमएलबी ग्रूप प्रथम स्थान वीर आजाद ग्रूप फैशन शो में प्रथम स्थान एमएलबी ग्रूप

फोक डांस में दूसरा स्थान सत्या ग्रूप और प्रथम स्थान एमएलबी ग्रूप को प्राप्त हुआ है

महादेव एप्प के आरोपियों की ईडी रिमांड खत्म,जेल भेजे गए सभी

रायपुर,05 सितंबर 2023(ए)। रिमांड खत्म होने पर सभी आरोपियों को ईडी ने कोर्ट में पेश किया। महादेव सट्टा एप मामले में एएसआई चंद्रभूषण वर्मा,सतीश चंद्राकर,अनिल दममानी और सुनील दम्मानी को ईडी ने कोर्ट में पेश किया। बता दें कि कोर्ट ने सभी को 15 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजा।

आरोपी संचालक सौरभ-रवि के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

महादेव एप ऑनलाइन सट्टा के संचालक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया गया है। अब श्वष्ठ दोनों को विदेश से भारत लाने की तैयारी में जुट गई है।

बताया जा रहा है कि ईडी ने दोनों की गिरफ्तारी के लिए विदेश और गृह मंत्रालय सहित झारखंड, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, एमपी, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के अतिरिक्त अन्य राज्यो को भी जानकारी भेजी है।

इस मामले में ईडी के स्पेशल जज अजय सिंह राजपूत की कोर्ट ने आज वारंट जारी कर दिया। ईडी को जिन दो लोगों की तलाश है उनको लेकर काफी समय से चर्चा है कि वे दोनों दुबई में हैं। ईडी ने इस मामले में इंटरपोल से भी संपर्क किया है और उम्मीद की जा रही है कि कुछ ही समय में रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी हो जाएगा।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह*(पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)